Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबन्द में प्रसारित




दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
# वेलकम इंडिया
RNI NO. UPHIN/2018/76874
नये भारत की नई सोच




वर्ष: 6 अंक: 239 | रविवार , 31 अगस्त -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## राजनाथ सिंह बोले- आत्मनिर्भरता अब समय की मांग

# जल्द हकीकत बनेगी स्वदेशी सुदर्शन चक्र रक्षा प्रणाली'

**नई दिल्ली।**

नई राजनाथ सिंह ने कहा कि 'वैश्विक स्तर पर इस समय युद्ध जैसी स्थिति है।' विकसित देशों के रवैये की आलोचना करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि 'विकसित देश ज्यादा संरक्षणवादी होते जा रहे हैं।' रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को एक कार्यक्रम में कहा कि बढ़ते वैश्विक दबाव के चलते भारत का रणनीतिक लचीलापन और जुझारूपन और आत्मनिर्भरता के प्रति प्रतिबद्धता और मजबूत होगी। राजनाथ सिंह ने कहा कि चाहे महामारी हो, आतंकवाद या क्षेत्रीय संघर्ष ये सदी हर मोर्चे पर अस्थिर और चुनौतीपूर्ण साबित हुई है। बढ़ते वैश्विक तनाव के बीच राजनाथ सिंह ने आत्मनिर्भरता की अहमियत को भी रेखांकित किया। एक मीडिया कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने कहा कि आज के समय में आत्मनिर्भरता कोई विकल्प नहीं रह गई है बल्कि ये समय की जरूरत बन गई है। आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ते हुए देश अब युद्धपोतों का निर्माण अपने ही देश में कर रहे हैं। नौसेना ने भी संकल्प लिया है कि वे किसी अन्य देश से युद्धपोत नहीं खरीदेंगे बल्कि भारत में ही उन्हें बनाया जाएगा।

### 'भारत अपने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देगा'

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भले ही बाहरी दबाव हो, लेकिन भारत अपने राष्ट्रीय हितों, खासकर किसानों और छोटे उद्यमियों के हितों को प्राथमिकता देगा। राजनाथ सिंह ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर ये बयान दिया। दरअसल अमेरिका भारत के कृषि क्षेत्र में एंट्री चाहता है, लेकिन भारत सरकार इसके लिए तैयार नहीं है क्योंकि इससे देश के किसानों के हित प्रभावित होंगे। राजनाथ सिंह ने कहा कि 'भारत किसी को अपना दुश्मन नहीं मानता, लेकिन अपने लोगों के हितों से समझौता नहीं करेगा।'




## महाराष्ट्र में इमारत ढहने के मामले में चार और गिरफ्तारी

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में इस सप्ताह एक इमारत ढहने से 17 लोगों की मौत के मामले में चार और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि घटना की जांच का जिम्मा मीरा-भयंदर वसई-विरार पुलिस की अपराध शाखा को सौंप दिया गया है। मुंबई से सटे पालघर के विरार इलाके के विजय नगर में बुधवार रात रमाबाई अपार्टमेंट नामक चार मंजिला अवैध इमारत बगल के एक खाली पड़े मकान पर गिर गई थी। इस घटना में दो बच्चों समेत कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई। वरिष्ठ निरीक्षक शाहूराज रानावरे ने कहा कि अपराध शाखा ने जमीन की मालिक, दो महिलाओं और उस पर बनी इमारत में रहने वालों से किराया वसूलने वाले उनके पतियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुरूआत में मुख्य आरोपित बिल्डर नीतल साने को गिरफ्तार किया था। इसके साथ ही इस मामले में अब तक पांच लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। महाराष्ट्र के मंत्री प्रताप सरनाइक ने कहा है कि महाराष्ट्र आवास एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण (म्हाडा) प्रभावित इमारत के लोगों को अस्थाई आवास उपलब्ध कराएगा।

## || सार संक्षेप

### नई दिल्ली में करीब 10 लाख लावारिस कुत्ते

**नई दिल्ली।**



पिछले तीन साल से इस मुद्दे पर आंदोलन चला रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल ने कहा, दिल्ली में करीब 10 लाख लावारिस कुत्ते हैं, जो रोजाना दो हजार से अधिक लोगों को काट रहे हैं। आवारा कुत्तों की बढ़ती समस्या के खिलाफ शनिवार को राजीव चौक मेट्रो स्टेशन के सेंट्रल पार्क में नई और दक्षिण दिल्ली की रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों (आरडब्लूए) ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने लावारिस कुत्तों को हटाओ, देश बचाओ के नारे के साथ राज्य सरकार और नगर निगम से सड़कों पर कुत्तों को हटाने की मांग की। पिछले तीन साल से इस मुद्दे पर आंदोलन चला रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल ने कहा, दिल्ली में करीब 10 लाख लावारिस कुत्ते हैं, जो रोजाना दो हजार से अधिक लोगों को काट रहे हैं।

### चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग से मिले नेपाली पीएम ओली



**नई दिल्ली।**

नेपाली प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ द्विपक्षीय बैठक में भारत-चीन के बीच लिपुलेख को व्यापार मार्ग के रूप में इस्तेमाल करने के समझौते पर आपत्ति जताई। पीएम ओली ने कहा कि नेपाल को विश्वास है कि इस मामले में चीन उसका सहयोग करेगा। हालांकि, चीन की ओर से ओली की आपत्ति पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने शनिवार को तियानजिन में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान पीएम ओली ने भारत और चीन के बीच लिपुलेख को व्यापार मार्ग के रूप में इस्तेमाल करने के समझौते पर आपत्ति जताई। पीएम ओली के सचिवालय ने यह जानकारी दी।

**भारत चीन लिपुलेख व्यापार मार्ग पर की चर्चा**

## जब पीएम मोदी के एक कदम ने मोड़ दी थी जापानी निवेश की धारा

**नई दिल्ली।**



पीएम नरेन्द्र मोदी की गहरी सांस्कृतिक समझ, सक्रिय कूटनीति और दूरदर्शिता ने जापान को भारत में निवेश के लिए प्रेरित किया था। इसके बाद से जापान का भारत में निवेश बढ़ता ही गया। ये पीएम मोदी के शुरूआती दिनों में की गई जापान यात्रा का वाकया था, जिसे उद्योगपति बाबा कल्याणी ने गर्व के साथ साझा किया है। इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर 'मोदी स्टोरी' अकाउंट पर साझा किए गए एक वीडियो में बाबा कल्याणी ने कहा कि पीएम के नेतृत्व में उद्योगपतियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने एक प्रतीकात्मक भाव प्रदर्शित किया था, जिसे जापान के लोगों ने बेहद गंभीरता से लिया था। कल्याणी ने बताया, "हम लगभग 30 से 40 भारतीय व्यापारिक नेता थे जो 300 से अधिक जापानी सीईओ के साथ एक कमरे में थे। नरेन्द्र मोदी हमारी तरफ मुड़े और बोले कि खड़े हो जाइए। उन्हें बताइए कि भारत व्यापार के लिए तैयार है। आपके स्वागत के लिए लाल कालीन तैयार है।' उन्होंने बताया कि यह एक सामान्य लेकिन प्रभावशाली कदम था, जहां पूरा भारतीय प्रतिनिधिमंडल एक साथ खड़ा हुआ और भारत में निवेश के लिए खुला निमंत्रण दिया।

## डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग में आगे बढ़ रहा यूपी: सीएम योगी

**नोएडा।**



नोएडा में शनिवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सीएम योगी आदित्यनाथ एक कार्यक्रम में शामिल हुए हैं। जहां सीएम ने ऑपरेशन सिंदूर और वृंदावन में बन रहे कॉरिडोर का जिक्र किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को नोएडा स्थित राफे एमफिब्र कंपनी पहुंचे। जहां पर मौजूद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। वे यहां रक्षा उपकरण और ड्रोन निर्माण इकाई के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए हैं। कंपनी की तरफ से बनाये गए ड्रोन उड़ाकर दिखाए जा रहे हैं। रक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री अवलोकन कर रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर युद्ध ने नये प्रारूप से परिचय करवाया है। ऑपरेशन सिंदूर ने भी बहुत कुछ सिखाया है। आगे कहा कि उत्तर प्रदेश डिफेंस मैनुफैक्चरिंग में आगे बढ़ रहा है। कॉरिडोर को चिन्हित जमीन दिलवाई जा रही है। इस इकाई से होने वाले परीक्षण से अब हमें दूसरे देशों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। कोई हमारा डेटा कैप्चर कर पंगु नहीं बना पाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि मैं पीएम और रक्षा मंत्री का आभारी हूं, जिन्होंने देश की वर्तमान चुनौती को ध्यान में रखते हुए देश के दो उभरते रक्षा विनिर्माण केंद्रों में से एक उत्तर प्रदेश को दिया है। आगे कहा कि मैं रक्षा मंत्री को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल केंद्र बनाया है। लखनऊ की मुस्कुराहट तब तक अधूरी थी। जब तक वहां से मिसाइल की आवाज दुश्मन के कानों तक नहीं पहुंचे। अब इसे और भी बेहतर तरीके से देखा जा सकता है। अभी ऑपरेशन सिंदूर में ब्रह्मोस ने अपनी क्षमता का प्रदर्शन भी किया है।

**पीएम मोदी को दिया धन्यवाद**

## एस जयशंकर ने अमेरिका के सवालों का दिया जवाब

# भारत को यूक्रेन युद्ध में अनुचित रूप से निशाना नहीं बनाना चाहिए



**नई दिल्ली।**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को फिनलैंड की अपनी समकक्ष एलिना वाल्टोनन के साथ फोन पर बातचीत के बाद कहा कि यूक्रेन युद्ध के संदर्भ में भारत को अनुचित रूप से निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। विदेश मंत्री की इस टिप्पणी को अमेरिका के उन आरोपों के संदर्भ में देखा जा रहा है कि भारत रियायती मूल्य पर रूस से कच्चा तेल खरीदकर मास्को की 'युद्ध मशीन' की सहायता कर रहा है। जयशंकर ने इंटरनेट मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा-'हमारी चर्चा यूक्रेन युद्ध और उसके परिणामों पर केंद्रित रही। इस संदर्भ में भारत को अनुचित तरीके से निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। हमने हमेशा बातचीत और कूटनीति का समर्थन किया है।' व्हाइट हाउस के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने इस सप्ताह कहा था कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय वस्तुओं पर लगाया गया 50 प्रतिशत शुल्क केवल भारत के अनुचित व्यापार के बारे में नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य मॉस्को की युद्ध मशीन को भारत द्वारा दी जा रही वित्तीय जीवन रेखा को काटना भी है। भारत पहले ही आरोपों को खारिज कर चुका है। देखने वाली बात ये है कि अमेरिका ने आश्चर्यजनक रूप से चीन की आलोचना नहीं की है जो रूसी तेल का सबसे बड़ा आयातक है।

## महाराष्ट्र में इमारत ढहने के मामले में चार और गिरफ्तारी

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में इस सप्ताह एक इमारत ढहने से 17 लोगों की मौत के मामले में चार और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि घटना की जांच का जिम्मा मीरा-भयंदर वसई-विरार पुलिस की अपराध शाखा को सौंप दिया गया है। मुंबई से सटे पालघर के विरार इलाके के विजय नगर में बुधवार रात रमाबाई अपार्टमेंट नामक चार मंजिला अवैध इमारत बगल के एक खाली पड़े मकान पर गिर गई थी।

## राष्ट्रपति जिनपिंग और पीएम मोदी की बैठक आज

**नई दिल्ली/ बीजिंग।**

भारत और अमेरिका के बीच टैरिफ को लेकर उपजे तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विदेश दौरे पर हैं। जापान की सफल यात्रा के बाद चीन के तियानजिन पहुंचे पीएम मोदी आज राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात करेंगे। इस बैठक पर पूरी दुनिया की निगाहें हैं। पीएम मोदी सात साल के बाद चीन दौरे पर पहुंचे हैं। वे चीनी राष्ट्राध्यक्ष जिनपिंग के साथ दोनों देशों के द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे। इसके साथ ही पीएम मोदी शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन (31 अगस्त और एक सितंबर) में भी हिस्सा लेंगे। पीएम मोदी की चीन यात्रा से दो महाशक्तियों के रिश्तों में नया अध्याय शुरू होने की उम्मीद है। ये बैठकें इसलिए अहम हैं, क्योंकि ट्रंप की टैरिफ नीति से वैश्विक व्यापार में उपजे तनाव के बीच भारत और चीन द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर सहमत हैं। दोनों नेता भारत-चीन आर्थिक संबंधों का जायजा लेंगे। साथ ही, पूर्वी लद्दाख में सीमा विवाद के बाद रिश्तों में तल्खी को दूर करने के उपायों पर विचार-विमर्श होने की भी संभावना है। सम्मेलन से इतर, पीएम मोदी पुतिन और कई वैश्विक नेताओं से भी वार्ता करेंगे।



# आज राष्ट्रव्यापी प्रवासी विरोधी रैली 'मार्च फॉर ऑस्ट्रेलिया', भारतीय समुदाय की चिंता बढ़ी

**मेलबर्न/ कैनबरा।**

ऑस्ट्रेलिया में आज राष्ट्रव्यापी प्रवासी विरोधी रैली का आयोजन किया जाना है। मार्च फॉर ऑस्ट्रेलिया के बैनर तले आहूत इस रैली के कारण भारतीय समुदाय में चिंता बढ़ने की खबर है। रिपोर्ट्स के मुताबिक भारतीय प्रवासियों का कहना है कि ऐसे आयोजनों से उनके अलग-थलग पड़ने का डर गहराने लगा है। ऑस्ट्रेलिया में प्रवासी विरोधी प्रदर्शनों का स्वर तेज होने लगा है। आज यानी रविवार को मार्च फॉर ऑस्ट्रेलिया नाम से राष्ट्रव्यापी रैली आहूत की गई है। इस रैली के आयोजकों का कहना है कि वे असीमित प्रवासन और कमजोर नेतृत्व के खिलाफ एकजुट हुए हैं। रैली के कारण भारतीय समेत अन्य प्रवासी समुदायों में गहरी चिंता और असुरक्षा का माहौल होने की खबरें सामने आई हैं। ऑस्ट्रेलिया को लंबे समय से एक बहुसांस्कृतिक देश माना जाता रहा है, जहां 136 देशों से आए लोग रहते और काम करते हैं।

यह घोषणा भारतीय समुदाय समेत कई प्रवासी समूहों के लिए चिंता का कारण बनी है। उनका मानना है कि इससे उनके अलग-थलग पड़ने का डर और गहरा हो गया है। मेलबर्न स्थित वरिष्ठ पत्रकार थिरुवल्लम भासी ने कहा, भारतीय समुदाय असुरक्षा की छाया में जी रहा है। आयोजकों की यह शर्त कि विदेशी झंडे नहीं होंगे, प्रवासियों को लेकर नकारात्मक संदेश देती है। उन्होंने आगे कहा कि सिख समुदाय के नेताओं ने अपने सदस्यों से अपील की है कि वे प्रदर्शन के दिन घरों से बाहर न निकलें।



## संपादक की कलम से

# टैरिफ बनाम टैरिफ फ्री



ललित शर्मा
संपादक

अमरीका ने भारत पर 50 फीसदी टैरिफ थोपा है, जिसका विरोध चीन, रूस, ब्राजील, ऑस्ट्रेलिया सरीखे देशों ने किया है। निंदा भी की गई है। ह्यवाडह्न के समझौतों और सिद्धांतों की दुहाई भी दी गई है। एक टैरिफ भारत भी अमरीका पर लगा सकता था, लेकिन मोदी सरकार ने 31 दिसंबर तक कपास को टैरिफ–मुक्त कर दिया है। पहले 11 फीसदी शुल्क की छूट थी, जिसे 30 सितंबर तक बढाया गया था, लेकिन अब कपास के आयात को बिल्कुल फ्री कर दिया गया है। यह कौनसा मोदीवाद है या सरकार की कैसी रणनीति है? एक गाल पर थप्पड़ खाया और दूसरा गाल भी आगे बढ़ा दिया! इसकी वजह से अक्तूबर में शुरू होने वाले मार्केटिंग ईयर 2025–26 के पहले तीन महीनों के दौरान कपास का आयात दोगुना होकर 20 लाख गांठ से अधिक हो सकता है। एक गांठ में लगभग 170 किग्रा कपास होती है। भारतीय किसान क्या करेगा? क्या पकौड़े तलेगा? दलील यह दी जा रही है कि यह फैसला वस्त्र उद्योग के निर्यातकों की मदद और उनके समर्थन के मद्देनजर लिया गया है, लेकिन भारत में कपास पैदा करने वाले करीब 60 लाख किसानों का क्या होगा? उन्हें तो टैरिफ का यह खेल फिलहाल समझ नहीं आया होगा, लेकिन बाजार में जब उनकी फसल 1000–1200 रुपए प्रति क्विंटल कम दाम पर बेचनी पड़ेगी, तब किसानों की सामूहिक प्रतिक्रियाएं सामने आएंगी। कपास की अंतरराष्ट्रीय कीमतें घरेलू कीमतों की तुलना में करीब 20 फीसदी कम हैं। आईसीई कॉटन वायदा 67–68 सेंट (करीब 9 रुपए) प्रति पाउंड के करीब है। करीब 356 किग्रा की कैंडी की कीमत करीब 46,000 रुपए है, जबकि घरेलू कीमतें 55,000 रुपए के आसपास हैं। हमारा फोकस अमरीका पर है, हालांकि ब्राजील, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया सरीखे देशों से भी सस्ती कपास आयात की जाती है। सवाल प्रधानमंत्री मोदी के लाल किले की प्राचीर से किए गए वायदे का है। उन्होंने कहा था कि जो किसानों, पशुपालकों, डेयरीवालों आदि के हितों से खेलना चाहेगा, तो मोदी दीवार बनकर बीच में खड़ा रहेगा। क्या वह दीवार इतनी जल्दी ढह गई है? अथवा अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफवाद ने हमारे प्रधानमंत्री को समझौतापरस्त होने को बाध्य कर दिया है? क्या आने वाले दिनों में अमरीका भारत की कृषि, पशुपालन, डेयरी उत्पादों के क्षेत्रों में भी प्रवेश करने की अनुमति प्राप्त कर लेगा? अमरीका में मात्र 2 फीसदी से भी कम लोग कृषि पर आश्रित हैं। अमरीका में मकई, सोयाबीन बहुत होते हैं। अमरीकी सरकार किसानों को 65 लाख रुपए से अधिक की सबसिडी देती है। भारत में 46 फीसदी लोग कृषि से जुड़े हैं, लिहाजा उसी पर आश्रित हैं। अधिकतर किसान गरीब और कर्जदार हैं। कर्जमाफी भी की जाती रही है, लेकिन फिर भी किसान कर्जदार हैं। हकीकत क्या है, हम नहीं जानते। कपास से जुड़े किसान घरेलू मांग की पूर्ति करने में ही असमर्थ हैं। उन्हें कपास का बेहतर एमएसपी भी नहीं मिलता। बुनियादी सवाल एमएसपी और किसानी का नहीं है। दरअसल मोदी सरकार को अमरीका पर टैरिफ का पलटवार करना चाहिए था, जैसा चीन, कनाडा, यूरोपीय संघ ने किया था। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने यह मुद्दा शिद्दत से उठाया है। अलबत्ता मीडिया के विभिन्न प्रारूपों के जरिए देश के आम आदमी की आवाज गूंजती रही है कि अमरीका पर भारत को टैरिफ का बोझ दोगुना कर देना चाहिए। यह मोदी बनाम ट्रंप की लड़ाई नहीं है। देश के न्याय का सवाल है। अमरीका खुद को दुनिया का बॉस मानने की खुशफहमी छोड़ दे, लिहाजा पलटजवाब देना जरूरी था। भारतीय किसान 2023 में कपास की 3.37 करोड़ गांठों का ही उत्पादन कर पाया था, जबकि घरेलू मांग अधिक है। बेशक भारत में वस्त्र उद्योग गहरे संकट में है। लाखों नौकरियों पर तलवार लटकी है।

# न्याय होता हुआ दिखे: तारीख पर तारीख की संस्कृति बदले



ललित गर्ग



देश के सर्वोच्च न्यायालय ने अपने 75 वर्ष का गरिमामय सफर पूरा किया है। यह केवल एक ऐतिहासिक पड़ाव नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की आत्मा को परखने का अवसर भी है। न्यायपालिका ने इन आठ दशकों में अनेक युगांतरकारी फैसले दिये, जिन्होंने संविधान की मयार्दा और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की। किंतु आज सबसे बड़ी चुनौती न्याय में विलंब की है। समय पर न्याय न मिले तो न्याय का वास्तविक अर्थ ही खो जाता है। शायद यही कारण है कि न्यायिक बिरादरी के आयोजनों में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्य न्यायाधीशों ने एक स्वर से कहा कि अब ह्यतारीख पर तारीखह्न की संस्कृति को समाप्त करने का समय आ गया है। जिला न्यायपालिका के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिये अदालतों में स्थगन की संस्कृति को बदलने के प्रयास करने की सख्त जरूरत है। उन्होंने स्वीकारा कि अदालतों में बड़ी संख्या में लंबित मामलों का होना हम सभी के लिये बड़ी चुनौती है। सुप्रीम कोर्ट के 75 वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि ये केवल एक संस्था की यात्रा नहीं है। ये यात्रा है भारत के संविधान और संवैधानिक मूल्यों की। ये यात्रा है एक लोकतंत्र के रूप में भारत के और परिपक्व होने की। भारत के लोगों ने सुप्रीम कोर्ट पर, हमारी न्यायपालिका पर विश्वास किया है। इसलिए सुप्रीम कोर्ट के ये 75 वर्ष ह्यमदर ऑफ डेमोक्रेसीह्न के रूप में भारत के गौरव को और बढ़ाते हैं। आजादी के अमृतकाल में 140 करोड़ देशवासियों का एक ही सपना है विकसित भारत, नया भारत बनने का। नया भारत, यानी सोच और संकल्प से एक आधुनिक भारत। हमारी न्यायपालिका इस विजन का एक मजबूत स्तम्भ है। भारत में लोकतंत्र और उदारवादी मूल्यों को मजबूत करने में न्यायपालिका ने बेहद महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। संविधान का रखवाला, गरीबों के अधिकार एवं सरकार की ज्यादतियों के खिलाफ कमजोर समूहों का योग्य संरक्षक और करोड़ों नागरिकों के लिए आखरी उम्मीद वाला संस्थान है सुप्रीम कोर्ट। कुछ अपवादों को छोड़कर पिछले 75 वर्षों में ज्यादातर समय भारतीय न्यायपालिका संविधान की रक्षा और कानून के शासन को बनाए रखने में सफल रही है। लेकिन भारतीय कानून व्यवस्था के सामने अनेक जटिल स्थितियां भी हैं, न्यायाधीशों की नियुक्ति, बढ़ते केसों की संख्या, जवाबदेही, भ्रष्टाचार एवं विलम्बित न्याय आदि। न्याय को लेकर अदालतों तक आम नागरिकों की पहुंच एवं खर्च के मुद्दों और इसी तरह की दूसरी चीजों के मामले में सुधार के बारे में न्यायपालिका की अपनी महत्वपूर्ण चिंताएं हैं। हमारे कानूनों की भावना है-नागरिक पहले, सम्मान पहले और न्याय पहले है। इससे पहले जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में त्वरित न्याय की आवश्यकता पर बल दिया था ताकि महिलाओं में अपनी सुरक्षा को लेकर भरोसा बढ़ सके। निस्संदेह, हाल के वर्षों में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में तेजी से वृद्धि हुई है, जिससे हमारे समाजशास्त्री और कानून लागू करवाने वाली विभिन्न एजेंसियां भी हैरान-परेशान हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराधों बढ़ोतरी से पूरा समाज हिला हुआ है। कोलकाता मेडिकल कॉलेज की महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना ने यह स्पष्ट कर दिया कि अपराधियों के मन से कानून का भय लगभग समाप्त हो चुका है। यही कारण है कि अब न केवल कठोर कानून बल्कि त्वरित और निष्पक्ष न्याय की मांग बलवती हो रही है। आज न्यायपालिका के सामने सबसे बड़ी चुनौती है-न्याय में विलंब। जिला अदालतों से लेकर उच्चतम न्यायालय तक करोड़ों मामले लंबित हैं। केवल जिला अदालतों में ही साढ़े चार करोड़ से अधिक मामले अटके पड़े हैं। यह स्थिति लोकतंत्र की आत्मा को आहत करती है, क्योंकि न्याय में विलंब, न्याय के इनकार के समान है।

दरअसल, लंबित मामलों के पीछे कई कारण हैं-न्यायाधीशों की अपर्याप्त संख्या, अदालती प्रक्रियाओं की जटिलता, अनावश्यक स्थगन, वकीलों द्वारा मुकदमों को खींचना और पुलिस-प्रशासन की लापरवाही। यही वजह है कि अपराधियों के मन से कानून का भय कम होता जा रहा है और आम नागरिक का भरोसा डगमगाने लगता है। भारतीय न्यायिक व्यवस्था की रीढ़ जिला एवं स्थानीय अदालतें हैं। यदि इन स्तरों पर शीघ्र और सस्ता न्याय नहीं मिलेगा, तो सुप्रीम कोर्ट की उपलब्धियां अधूरी मानी जाएंगी। सर्वोच्च न्यायालय समय-समय पर स्वतः संज्ञान लेकर राहत देता रहा है-जैसे हाल ही में डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय प्रोटोकॉल बनवाने की पहल। किंतु जिला स्तर पर ऐसी सजगता और सक्रियता नहीं दिखाई देती। इसलिए सुधार की असली शुरूआत निचले स्तर से ही करनी होगी। भारतीय न्याय प्रणाली की विसंगतियां और सुधार की राह जटिल है, लेकिन असंभव नहीं है। दृढ़ संकल्प एवं कार्ययोजना के साथ आगे बढ़े तो आजादी के अमृतकाल में हम न्याय प्रणाली को युगांतरकारी मोड़ दे सकते हैं। देश में जनसंख्या के अनुपात में न्यायाधीशों की संख्या बहुत कम है। तत्काल नियुक्तियों और प्रशिक्षण की व्यवस्था होनी चाहिए। ई-कोर्ट, ऑनलाइन सुनवाई, डिजिटल साक्ष्य प्रबंधन जैसे कदम न्याय प्रक्रिया को गति दे सकते हैं। अनावश्यक स्थगन पर अंकुश जरूरी है। क्योंकि स्थगन देने की परंपरा अपराधियों और वकीलों के लिये हथियार बन चुकी है। इस पर कड़ा नियंत्रण जरूरी है। पुलिस व जांच एजेंसियों को दायित्वशील एवं जिम्मेदार बनाना होगा। क्योंकि पुख्ता सबूतों और चार्जशीट समय पर दाखिल करने से ही मामलों में शीघ्र निर्णय संभव है। अदालतों के साथ-साथ वकीलों और पुलिस पर भी जवाबदेही तय करनी होगी। महिलाओं, बच्चों और संवेदनशील मामलों के लिये विशेष फास्ट-ट्रैक अदालतों को और मजबूती देनी होगी। न्यायिक प्रकिया से जुड़े कामकाज की समीक्षा होनी जरूरी है। वहीं दूसरी ओर विभिन्न मुख्य न्यायाधीशों ने बार-बार निचली अदालतों में न्यायाधीशों की कमी का मुद्दा भी उठाया है। जाहिरा तौर पर संसाधनों की कमी भी न्यायिक प्रक्रिया की गति को प्रभावित करती है। कुछ लोग मानते हैं कि सख्त कानून के साथ ही त्वरित न्याय भी अपराधियों पर मनोवैज्ञानिक दबाव बना पाएगा। यदि पुलिस व जांच एजेंसियां पुख्ता सबूतों के साथ अदालत में पहुंचें तो गंभीर मामलों में आरोप जल्दी सिद्ध हो सकेंगे। यही वजह है कि देश में शीर्ष स्तर पर भी यह धारणा बलवती हो रही है कि विभिन्न हितधारक सामूहिक जिम्मेदारी निभाएं, जिससे उस धारणा को तोड़ा जा सकता है कि न्याय देने वाली प्रणाली तारीख पर तारीख की संस्कृति को बढ़ावा देती है। विश्वास किया जाना चाहिए कि सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना के 75 वर्ष होने पर शीर्ष न्यायिक नेतृत्व लंबित मामलों के निपटारे के लिये नई प्रभावी रणनीति बनाएगा। निस्संदेह, भारतीय न्यायिक व्यवस्था की रीढ़ कही जाने वाली जिला अदालतें भी इस दिशा में बदलावकारी पहल कर सकती हैं। जिससे आम आदमी का न्यायिक व्यवस्था में भरोसा और मजबूत हो सकेगा। अमेरिका जैसे देशों में किसी भी मामले के लिए अधिकतम अवधि तीन वर्ष तय है, जबकि भारत में 20-30 वर्षों तक मुकदमे चलते रहना आम बात है। इस विसंगति को दूर करने के लिए नियत अवधि और अधिकतम तारीखों की सीमा तय की जानी चाहिए। हाल ही में लागू हुए तीन नए आपराधिक कानूनों से न्यायिक प्रक्रिया में तेजी की उम्मीद है। यदि इन कानूनों का सही क्रियान्वयन हो, तो ह्यतारीख पर तारीखह्न की संस्कृति पर अंकुश लग सकता है। सर्वोच्च न्यायालय का 75 वर्ष का यह सफर लोकतंत्र के इतिहास का गौरवपूर्ण अध्याय है। इस अवधि में आपातकाल जैसे संकटों से लेकर सामाजिक न्याय, पर्यावरण संरक्षण, महिलाओं के अधिकार और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तक अनेक क्षेत्रों में इसने ऐतिहासिक निर्णय दिए हैं। किंतु आने वाले 25 वर्षों में न्यायपालिका की असली परीक्षा इस बात पर होगी कि वह न्याय को त्वरित, सुलभ और सर्वसुलभ बना पाती है या नहीं? न्यायपालिका आज भी आम नागरिक के लिये अंतिम आशा की किरण है।

## आतंकवाद का घिनौना रूप

मोनिका डागा आनंद



कविता

कुछ बद्दिमाग खूंखार राक्षसों की काली करतूत,
मचाती हाहाकार, कष्ट से हो जाता विश्व द्रवीभूत,
निहत्थों पर वार चलाना कैसी शर्मनाक फितरत है ?
कायरता का जशन मनाना ये कैसी बेकार शोहरत है ?
खून का बदला खून से क्या कर सकता भरपाई,
जिन्होंने अपने जीवन की खोई अनमोल ईकाई,
जन्म लेगी नफरत और भड़के की ज्यादा आग,
चलता रहेगा ये हत्याओं का खूनी दर्दनाक फाग ।

थू थू करता जग सारा तुम पर क्यों साख डुबोते हो ?
गड्ढा खोदते दूसरों के लिए व खुद ही गड्ढे में गिरते हो,
बद्दुआओं में जीकर कौन सा तीर मारा जीवन में ?
खून की नदियां बहाई क्या मिला दहशत घुटन में ?

कैसी तालीम मिली तुमको इंसानियत को ही भूल गए ?
अपने ही मुल्क को बदनाम कर देश प्रेम को भूल गए ?
इस घृणित कर्म से न जाने कितने सिपाही मारे जाएंगे ?
लाल वो भी धरा के बेवजह क्रोध की बलि चढ़ जाएंगे ?

धर्म जाति के नाम पर लडाई करवा गंदा खेल रचते हो ?
क्यों शांति, प्रेम, अमन सुकून को कलंकित करते हों ?
थम जाओ छोड़ दो ये हिंसा का दर्दनाक भयावह मंजर,
मासूमों के हाथ मत दो तुम्हारी नफरत का खूनी खंजर ।

कसूरवार हो तुम क्यों ईष्या घृणा फैला कर हंसते हो ?
किसी से प्रेम नहीं करते बस अहम् को सिद्ध करते हो ?
जो करना होगा वो तो देश की सरकारें निर्णय ले करेंगी,
जहर की इस फसल को जड़ समेत ही उखाड़ फेंकेगी ।

कांप रही है ये कलम आज आंखों की पलकें भी नम,
दुश्मनी की खाई क्यों नहीं होती इतने वर्षों बाद भी कम,
सुरक्षित नहीं इंसान कहीं भी इंसान ही बन बैठा दुश्मन,
₹आनंद₹ नहीं जीवन में बढ़ी हर मन में चिंताएं उलझन ।

# विवाह समारोह-पवित्र संस्कार,आधुनिकता का दंश और समाज की चुनौती



गोदिया

इसमें खर्च सीमित रखा जाता है और धार्मिक अनुष्ठानों को महत्व दिया जाता है। इससे न केवल आर्थिक बोझ कम होता है, बल्कि विवाह की सामाजिक और आध्यात्मिक महत्ता भी बनी रहती है ।सादगीपूर्ण विवाह को समाज में सम्मान और प्रतिष्ठा दिलाना होगा। जब तक दिखावे और भव्यता को प्रेस्टीज माना जाएगा, तब तक यह प्रवृत्ति नहीं रुकेगी। अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि विवाह भारतीय संस्कृति का सबसे पवित्र और महत्वपूर्ण संस्कार है। इसे आधुनिकता और दिखावे की भेंट चढ़ाना हमारी आने वाली पीढ़ियों के साथ अन्याय होगा। समाज को यह समझना होगा कि विवाह केवल दो व्यक्तियों का नहीं बल्कि दो परिवारों का पवित्र मिलन है, जिसका उद्देश्य धर्म, परंपरा और संस्कारों को आगे बढ़ाना है ।यदि हम विवाह को पुन: उसके आध्यात्मिक और सांस्कृतिक स्वरूप में स्थापित कर पाते हैं, तभी हम आधुनिकता के दंश से बचकर आने वाली पीढ़ियों को एक सशक्त और संस्कारित समाज दे पाएंगे। साथियों बात अगर हम समाज को दिशा दिखाने कीआवश्यकता व सादगीपूर्ण विवाह की करें तो,आज समय की मांग है कि समाज इस बदलते परिदृश्य पर गंभीर चिंतन करे। विवाह को पुन: उसके मूल स्वरूप में लाने की आवश्यकता है। इसके लिए( अ)धार्मिक और सांस्कृतिक संस्थाओं को विवाह संस्कारों की पवित्रता का प्रचार करना चाहिए। ( ब) परिवारों को बच्चों को बचपन से ही विवाह संस्कारों की महत्ता सिखानी चाहिए ।( क) सरकार को दहेज और अनावश्यक खर्च पर रोक लगाने वाले कानूनों को कड़ाई से लागू करना चाहिए। ( ड)समाज में सादगीपूर्ण विवाह को प्रोत्साहित करने वाले अभियान चलाने चाहिए ।सादगीपूर्ण विवाह—भविष्य की राहआज कई राज्यों में सामूहिक विवाह और सादगीपूर्ण विवाह की परंपरा को बढ़ावा दिया जा रहा है।

भारत जैसे विविधताओं से भरे देश में शादी केवल एक सामाजिक अनुबंध नहीं बल्कि एक पवित्र संस्कार मानी जाती है। वेदों से लेकर पुराणों तक, गृहस्थ जीवन को धर्म का महत्वपूर्ण आधार बताया गया है। विवाह को केवल दो व्यक्तियों का मिलन नहीं बल्कि दो परिवारों और दो कुलों का मिलन माना जाता है। इसीलिए इसे सात फेरे, सप्तपदी मंत्र, कन्यादान, होम, आशीर्वाद और धार्मिक अनुष्ठानों के साथ सम्पन्न कराया जाता है। किंतु आज बदलते समय में विवाह के स्वरूप में गहरा बदलाव दिखाई दे रहा है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र मानता हूं कि शादी समारोह,जो कभी अध्यात्म, त्याग, संस्कार और सामाजिक सामंजस्य का प्रतीक था, अब धीरे-धीरे दिखावे, पैसे की होड़, दहेज, शराब और भव्यता की दौड़ में सिमटता जा रहा है। यह बदलाव न केवल भारतीय संस्कृति के लिए खतरे की घंटी है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सामने एक विकृत परंपरा स्थापित कर रहा है। इस विषय का विस्तार से डिस्कशन व विश्लेषण हम 5 प्वाइंटों के आधार पर करेंगे।

साथियों बात अगर हम विवाह एक पवित्र संस्कारः आध्यात्मिक और सामाजिक आयाम की करें तो,भारतीय संस्कृति में विवाह को सोलह संस्कारों में एक प्रमुख संस्कार माना गया है। यह केवल पति-पत्नी के शारीरिक या भावनात्मक संबंध का बंधन नहीं है, बल्कि धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की साधना का आधार है। विवाह का उद्देश्य केवल जीवनसाथी चुनना नहीं,बल्कि समाज में संतुलित,संस्कारित और धार्मिक जीवन की स्थापना करना है। सात फेरे, जिन्हें हर दंपति विवाह के समय अग्नि के साक्षी में लेता है, केवल शब्द नहीं हैं बल्कि जीवन के लिए आजीवन वचन हैं ।आज की पीढ़ी इन मंत्रों और वचनों की गहराई को समझे बिना केवल विवाह को ह्लसोशल इवेंट की तरह देखने लगी है। होटल, रिजॉर्ट, फार्महाउस और डेस्टिनेशन वेडिंग ने विवाह को पारिवारिक और सामाजिक जिम्मेदारी के बजाय लक्जरी इवेंट में बदल दिया है। यह बदलाव भारतीय समाज की मूल आत्मा के विपरीत है। साथियों बात अगर हम आधुनिकता का दंश और बदलती शादी की परंपरा व दहेज और उपभोक्तावादी संस्कृति की करें तो आधुनिकता अपने साथ तकनीकी विकास,वैश्विक संपर्क और नए अवसर लाती है, परंतु इसका अंधानुकरण विवाह जैसे संस्कारों को विकृत कर रहा है। आज शादियाँ अधिकतर स्टेटस सिंबल बन गई हैं।( अ) लाखों-करोड़ों रुपए खर्च कर शाही शादी दिखाना अब फैशन बन चुका है। ( ब) शादी समारोहों में शराब, डीजे, नाइट पार्टी और वेस्टर्न कल्चर की नकल आम हो गई है। ( क) रिश्तेदारों और मेहमानों का सम्मान अब मेन्यू की विविधता और सजावट की भव्यता से आंका जाने लगा है, न कि आत्मीयता और आदर से ।इस भौतिकवादी दृष्टिकोण ने विवाह की पवित्रता को गहरे तक प्रभावित किया है। जहां कभी विवाह का अर्थ दो आत्माओं का आध्यात्मिक बंधन था, वहीं आज विवाह का अर्थ सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरें और वीडियो बन गया है ।दहेज और उपभोक्तावादी संस्कृति-विवाह का कुरूप चेहराः-दहेज प्रथा भारतीय समाज की सबसे बड़ी बुराइयों में से एक है। स्वतंत्रता के बाद से लगातार प्रयासों के बावजूद यह कुरीति खत्म नहीं हुई। आधुनिकता और भौतिकतावाद ने इसे और मजबूत कर दिया है। आज शादी समारोह में गाड़ियों की डिमांड, महंगे गिफ्ट्स, कैश और प्रॉपर्टी की अपेक्षा खुलेआम की जाती है ।दहेज न केवल विवाह के पवित्र बंधन को कलंकित करता है बल्कि यह महिलाओं के लिए अपमानजनक और अमानवीय स्थिति पैदा करता है। हजारों बेटियाँ आज भी दहेज के बोझ के कारण या तो शादी नहीं कर पातीं या शादी के बाद उत्पीड़न का शिकार होती हैं। साथियों बात अगर हम विवाह और शराब संस्कृति, के तेजी से बढ़ते प्रचलन की करें तो, भारतीय समाज में विवाह हमेशा से संयम, मयार्दा और उत्सव का संगम रहा है। परंतु पिछले दो दशकों में शादियों में शराब की संस्कृति तेजी से फैली है। यह न केवल समारोह की गरिमा को कम करता है बल्कि कई बार हिंसा, विवाद और दुर्घटनाओं का कारण भी बनता है ।आज समाज के सामने यह प्रश्न है कि क्या विवाह का उत्सव बिना शराब, नाच-गाने और दिखावे के संभव नहीं? विवाह जैसे पवित्र अवसर पर यदि आत्मसंयम और मयार्दा खो जाए तो वह केवल मनोरंजन बनकर रह जाता है। साथियों बात अगर हम विवाह में बढ़ता दिखावापन और समाज पर असर की करें तो,शादी में कितना खर्च हुआ? यह प्रश्न आज समाज का सबसे बड़ा मूल्यांकन बन गया है। किसी परिवार की सामाजिक प्रतिष्ठा अब शादी की भव्यता से तय होती है। परिणामस्वरूप गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार कर्ज, उधार और आर्थिक बोझ तले दब जाते हैं। ( अ) शादियों में करोड़ों का खर्च करना प्रेस्टीज इश्यू बन चुका है। ( ब) आम परिवार इस दौड़ में शामिल होने के लिए अपनी जिंदगी भर की कमाई खर्च कर देते हैं। ( क) और छोटे कस्बों में भी यह प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है, जिससे आर्थिक असमानता और बढ़ रही है ।यह प्रवृत्ति भारतीय समाज के लिए खतरनाक है क्योंकि इससे सामाजिक संतुलन और समानता की अवधारणा को गहरी चोट पहुंचती है। साथियों बात अगर हम घटते पारंपरिक संस्कार और अनुष्ठान की करें तो पहले विवाह घर-आंगन में, मंदिरों या पंचायतों में पूरे परिवार और समाज की सहभागिता से होते थे। बारात में ढोल-नगाड़े, लोकगीत,नृत्य, भजन- कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठान का विशेष महत्व होता था। परंतु अब इनकी जगह डीजे, फिल्मी गाने और कोरियोग्राफ्ड डांस ने ले ली है ।कन्यादान, होम, सप्तपदी, वरमाला जैसे संस्कार केवल औपचारिकता बनकर रह गए हैं ।कई बार डेस्टिनेशनवेडिंग्स में पुरोहित और मंत्रोच्चार तक फास्ट फॉरवर्ड कर दिए जाते हैं। यह बदलाव कहीं न कहीं विवाह को केवल मनोरंजन का साधन बना रहा है। साथियों बात अगर हम समाज को दिशा दिखाने कीआवश्यकता व सादगीपूर्ण विवाह की करें तो,आज समय की मांग है कि समाज इस बदलते परिदृश्य पर गंभीर चिंतन करे। विवाह को पुनः उसके मूल स्वरूप में लाने की आवश्यकता है। इसके लिए( अ)धार्मिक और सांस्कृतिक संस्थाओं को विवाह संस्कारों की पवित्रता का प्रचार करना चाहिए। ( ब) परिवारों को बच्चों को बचपन से ही विवाह संस्कारों की महत्ता सिखानी चाहिए।( क) सरकार को दहेज और अनावश्यक खर्च पर रोक लगाने वाले कानूनों को कड़ाई से लागू करना चाहिए। ( ड)समाज में सादगीपूर्ण विवाह को प्रोत्साहित करने वाले अभियान चलाने चाहिए ।सादगीपूर्ण विवाह--भविष्य की राहआज कई राज्यों में सामूहिक विवाह और सादगीपूर्ण विवाह की परंपरा को बढ़ावा दिया जा रहा है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया ।संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों के साथ की श्रम बन्धु की बैठक, दिये आवश्यक निर्देश

वेलकम इंडिया



**रामपुर।** मुख्य विकास अधिकारी नन्द किशोर कलाल की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में श्रम बन्धु की बैठक सम्पन्न हुई।

मुख्य विकास अधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि निर्माण श्रमिकों के हितार्थ चलायी जा रही योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाये और सभी निर्माण श्रमिकों को योजना में आवेदन के साथ आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी भी उपलब्ध कराई। अधिष्ठान पंजीयन पर चर्चा के दौरान उन्होंने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिये कि जो भी निर्माण उनके विभागों के अधीन चल रहे हैं, उनके हर कार्य का पंजीयन कराया जाए। विशेष रूप से जिला पंचायत द्वारा जो ग्रामीण क्षेत्रों में व्यवसायिक एवं निजी निमार्णों के नक्शे पास कराये जा रहे हैं, उनका पंजीयन कराया जाए और उनसे उपकर की वसूली भी नक्शे पास करते समय ही जमा करा ली जाए, जिससे श्रमिकों के हितार्थ धनराशि का उपयोग यूपीडब्ल्यूबीओसी बोर्ड द्वारा किया जा सके। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी नगर पालिकों, नगर पंचायतों से यह अपेक्षा की है कि जो भी नक्शे आदि उनके द्वारा पास किए जा रहे है, उनमें भी अधिष्ठान पंजीयन एवं लेबर सेस की कटौती का पूर्ण रूप से ध्यान रखा जाए। बैठक सहायक श्रमायुक्त, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई, अधिशासी अभियन्ता सार्वजानिक निर्माण विभाग (प्रान्तीय खण्ड), अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्ता सेवा, अधिशासी अभियन्ता जल निगम, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका रामपुर, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# गिरिराज धाम गोवर्धन में धूमधाम से मनाया गया बलदाऊ महाराज का जन्मोत्सव

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** कस्बा गोवर्धन के बड़ा बाजार मोदी खाना स्थित श्री दाऊजी महाराज मंदिर में बलदेव छठ दाऊजी महाराज के जन्मोत्सव पर सभी ने बधाई दी। ब्रज के राजा ठाकुर श्री दाऊजी महाराज का 5253वां जन्मोत्सव शुक्रवार को दाऊजी मंदिर में बड़े ही धूमधाम और भक्तिमय माहौल में मनाया गया। मंदिर के सेवायत बृजेंद्र शर्मा उर्फ बबलू पंडित ने बताया कि शुक्रवार को प्रातः 6 बजे मंगल दर्शन, आठ बजे जन्मोत्सव किया गया। दोपहर को भंडारा महाप्रसाद का आयोजन किया।ब्रजराज को अपराह्न रबड़ी एवं लड्डू महाभोग लगाया गया। बृज साहित्य परिषद के तत्वावधान में काव्य गोष्ठी की गई। शाम को फूल बंगला में दाऊजी महाराज ने भक्तों को दर्शन देकर निहाल कर दिया। रात्रि में कस्बा के लोक कलाकारों द्वारा भजन संध्या के आयोजन में भक्तजन जय-जय कार करने लगे। सैकड़ों कस्बावासीयों ने श्री दाऊजी महाराज मंदिर में आकर बलदेव छठ महोत्सव में प्रसाद और दर्शन का आनंद प्राप्त किया। दाऊदादा मन्दिर को रंग बिरंगे फूलों से सजाया गया। मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और दाऊजी महाराज के जयकारों से पूरा मंदिर गूंज उठा। जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर को भव्य लाइटिंग से सजाया गया था, वहीं गिरिराज धाम गोवर्धन दाऊजी महाराज के रंग में रंगा दिखाई दिया। श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। इस अवसर पर ब्रज के प्रसिद्द प्रखर संत सियाराम बाबा, रोटी वाले बाबा, मनीष लम्बरदार, जितेंद्र प्रोहित, डॉ विन्देश कुमार दीक्षित, गोरी शंकर शर्मा डॉ संजीव कौशल,डॉ अभिषेक चौधरी,डॉ विवेक यादव,डॉ ललित ,अमित जी प्रचारक ,श्यामबाबू कौशिक,राकेश शर्मा,गणेश पाठक,गणेश पहलवान,रामधन शर्मा,सुरेश स्वामी नर्रो शर्मा, मुकट शर्मा, जमुना स्वामी,दाऊजी शर्मा,अमित प्रोहित,अजय अग्रवाल,वृजेन्द्र सैनी,शैलू खंडेलवाल , सुनील टीटू योगेश,संजू लालजी,सुक्का सेट,रज्जो सेठ,गिरिराज ठाकुर,मनोज खंडेलवाल,गोपाल उपाध्याय गोप,हरि बाबू कौशिक,धीरज कौशिक, दिव्यांशु,प्रियांशु,वैभव आदि उपस्थित रहे।

# कोतवाली शहर पुलिस ने चार शातिरों को अवैध पिस्टल व कारतूस सहित दबोचा



वेलकम इंडिया महमूद रजा

जनपद बिजनौर कोतवाली शहर पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान दो युवकों को अवैध असलहे व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों की निशानदेही पर उनके दो साथियों को भी दबोच लिया गया।पुलिस के अनुसार ग्राम शहबाजपुर निवासी आकाश पुत्र दिनेश कुमार और ग्राम धनुवाला निवासी शिवा पुत्र नरेश को चेकिंग के दौरान रोका गया, जिनके पास से एक अवैध पिस्टल व चार कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में दोनों ने बताया कि असलहा उन्होंने अपने साथी अभिषेक पुत्र प्रीतम व सुशील पुत्र कलवा, निवासी ग्राम धनुवाला से लिया था। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए अभिषेक व सुशील को भी गिरफ्तार कर लिया। बरामदगी में आकाश से एक पिस्टल व दो कारतूस और शिवा से दो कारतूस मिले। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक संजीव कुमार, उपनिरीक्षक अंकुरपाल, कांस्टेबल मोहित, कांस्टेबल निर्मल व कांस्टेबल यतेन्द्र शामिल रहे।

# खेल एवं फिटनेस कार्यक्रमों का आयोजन

वेलकम इंडिया महमूद रजा



जनपद बिजनौर में मेजर ध्यानचंद जी के जन्म दिवस (29 अगस्त) के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 के अवसर पर दिनांक 29 से 31 अगस्त 2025 तक वृहद खेल एवं फिटनेस कार्यक्रमों का आयोजन जनपद बिजनौर में किया गया इस अवसर पर जिला क्रीड़ा कार्यालय बिजनौर द्वारा जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं के अंतर्गत दो दिवसीय 14 वर्षीय बालक वर्ग की हॉकी प्रतियोगिता एवं खो-खो बालिका वर्ग प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। हॉकी प्रतियोगिता का उद्घाटन संयुक्त रूप से उदय पाल सिंह प्रतिनिधि ब्लॉक प्रमुख/वरिष्ठ समाजसेवी भाजपा एवं दिनेश कुमार, चेयरमैन जिला सहकारी समिति बिजनौर द्वारा किया गया।हॉकी एवं खो-खो प्रतियोगिता का समापन माननीय श्रीमती इन्दिरा सिंह, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बिजनौर द्वारा किया गया। प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे झ खो-खो बालिका वर्ग विजेता झ के०पी०एस० इंटर कॉलेज, बिजनौर उप विजेता झ जी०जी०आई०सी०, बिजनौर हॉकी 14 वर्षीय बालक वर्ग विजेता आर०जे०पी० इंटर कॉलेज, बिजनौर उप विजेता झ राजकीय इंटर कॉलेज, बिजनौर इस अवसर पर राजकुमार, जिला क्रीड़ाधिकारी बिजनौर, हिमांशु, सहायक जिला खेल कार्यालय बिजनौर, चित्रा चौहान, हॉकी कोच, एवं जितेन्द्र कुमार, खो-खो कोच उपस्थित रहे। निर्णायक मंडल हॉकी प्रतियोगिता : युनुस, अनमोल सक्सेना, पंकज सैनी, राजेन्द्र सोलंकी, सुहेल जफर, विशाल कुमार, नरेन्द्र सिंह, प्रभात कुमार खो-खो प्रतियोगिता : मुकुल कुमार, संजीव कुमार, हिमांशु पाल, अर्पित, खुशी, निधि चौधरीश्रीमती इन्दिरा सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस पर आयोजित इन प्रतियोगिताओं से न केवल बच्चों की खेल प्रतिभा को मंच मिलता है, बल्कि उनमें अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास भी विकसित होता है। नगर पालिका परिषद हमेशा खेलों के प्रोत्साहन के लिए तत्पर रहेगी। जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार ने भी विजेता एवं उप विजेता टीमों को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस मेजर ध्यानचंद जी की स्मृति को नमन करने का अवसर है और यह युवाओं को खेल एवं फिटनेस की ओर प्रेरित करता है।

# अवैध रूप से संचालित 19 यात्री वाहनों को रोडवेज बस अड्डा पर सीज किया गया



वेलकम इंडिया

**रामपुर।** यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराने और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह के निर्देश पर रोडवेज बस अड्डा से आम्बेडकर पार्क तक अनधिकृत रूप से संचालित यात्री वाहनों के विरुद्ध परिवहन विभाग तथा यातायात पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मानक विहीन एवं अवैध रूप से संचालित 19 यात्री वाहनों को रोडवेज बस अड्डा पर सीज किया गया।

# अरबाज अंसारी बने नगर मंत्री, विधायक ने दिलाई शपथ



वेलकम इंडिया फतेह खान

**रुदौली अयोध्या शुजागंज।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल शुजागंज इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि बुधवार को नगर की साप्ताहिक बंदी रहेगी। इस अवसर पर अरबाज अंसारी ने नगर मंत्री के रूप में पदभार ग्रहण किया।बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष महेश गुप्ता ने की, वहीं जिला अध्यक्ष जान मोहम्मद भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। नवनियुक्त नगर मंत्री को शपथ विधायक रामचन्द्र यादव ने दिलाई और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने हेतु आशीर्वाद प्रदान किया।बैठक में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ-साथ नगर के सम्मानित व्यापारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत कर उन्हें बधाई दी और संगठन को नई ऊर्जा देने का संकल्प लिया।

# घनी आबादी में मोबाईल टाबर ना लगाने की एसड़ीएम को सौपा मांग पत्र

वेलकम इंडिया महमूद रजा




जनपद बिजनौर नगीना भारतीय किसान यूनियन(महात्मा टिकैत) के तहसील अध्यक्ष (युवा) ने उपजिलाधिकारी नगीना को सम्बोधित एक ज्ञापन देकर मौहल्ला लाल सराय में बड़ा मोबाइल टावर लगवाने विरोध दर्ज किया है। भारतीय किसान यूनियन (महात्मा टिकैत) के तहसील अध्यक्ष (युवा) मौहम्मद आमिर ने उपजिलाधिकारी नगीना को सम्बोधित ज्ञापन में कहा है कि मोहल्ला लाल सराय थाना नगीना निवासी रऊफ पुत्र हाजी महमूद का नूर सराय कस्बा घनी आबादी में अवैध तरीके से गत्ते का कारखाना चला कर मोहल्ले वासियों का चैन सुकून खराब कर रहा है।जो दिन रात कारखाने में बड़ी-बड़ी मशीने चलाकर खूब शोर शराबा करके मोहल्ले वासियों के जीवन को अस्त व्यस्त कर रखा है अपने पैसे के बल पर और अपनी पहुंच का हवाला देकर उल्टा मोहल्ले वासियों को धमकी देता है कि मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकते हो। रऊफ कहना है कि अभी तो कारखाना ही चल रहा है बहुत जल्द ही यहां एक बड़ा मोबाइल टावर लगवाने वाला हूं जिसका सैंपल भी जा चुका है मोहल्ले वासियों ने रऊफ को काफी समझाने का प्रयास किया कि तुम यहां घनी आबादी में मोबाइल टावर नहीं लगा सकते हो परंतु रऊफ सुनवा नहीं है और लड़ाई झगडा करने को तैयार है घनी आबादी वाले मोहल्ले में मोबाइल टॉवर लग जाने से मोहल्ले वासियों को गंभीर बीमारी का खतरा बना हुआ है मोहल्ले में कई बुजुर्ग हार्ट एवं अन्य गंभीर बीमारी के मरीज हैं। जिसे रोकते हुए कारखाने को घनी आवादी में अवैध तरीके से चलने व मोबाइल टावर लगने पर रोक लगाते हुए रऊफ के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की मांग की है। दिए गए ज्ञापन पर मौ आफाक, इकबाल, अंजार, मौ शाकिर, मोहिद, नावेद, सालिक, शाहिद, नॉशाद, शाहनबज, नाजिम, आकिब, आरिफ, हसीनुद्दीन आदि के हस्ताक्षर व अंगूठे मौजूद थे।

# जय भीम जय भारत जय संविधान, भीम आर्मी का बढ़ता हुआ कारवां



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ

हापुड़ भीम आर्मी जिला अध्यक्ष अर्जुन सिंह आजाद के द्वारा हमारे बहुत ही मेहनती संघर्षशील संगठन के प्रति दिन रात कार्य करने वाले मनोज भारती भीम आर्मी जिला सह संयोजक व देवेंद्र सिंह को नगर अध्यक्ष हापुड़* के पद पर नियुक्त किया गया। मौजूद रहे, अर्जुन सिंह आजाद जिला अध्यक्ष, धर्मेंद्र जाटव जिला महासचिव, अजहर कुरैशी,सुरेंद्र उर्फ लाला जिला उपाध्यक्ष,पंकज कुमार आदि मौजूद रहें भीम आर्मी जिंदाबादआजाद समाज पार्टी कांशीराम जिंदाबाद।एड.बड़े भाई चंद्रशेखर आजाद जी जिंदाबाद।बड़े भाई विनय रतन सिंह जी जिंदाबाद।धर्मेंद्र जाटव जिला महासचिव भीम आर्मी हापुड़

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में सम्पन्न हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

वेलकम इंडिया



**रामपुर।** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सड़क सुरक्षा, दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद में स्थित सभी दुर्घटना संभावित स्थलों (ब्लैक स्पॉट्स) की शीघ्र पहचान कर सुधार कार्य कराया जाए।उन्होंने यह भी कहा कि जहाँ-जहाँ क्रैश बैरियर लगाए गए हैं, वहाँ रात्रि के समय दृश्यता बढ़ाने हेतु रिफ्लेक्टर लाइट अनिवार्य रूप से लगाई जाए।उन्होंने यह भी कहा कि सड़क निर्माण एवं मरम्मत संबंधी कार्यों में तेजी लाई जाए, ताकि जनसामान्य को शीघ्र ही सुरक्षित एवं सुगम यातायात सुविधा उपलब्ध हो सके। बैठक में जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि सड़क सुरक्षा को लेकर जनजागरूकता बढ़ाने के लिए विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में विशेष कार्यक्रम आयोजित कराए जायें। जिलाधिकारी ने पर्यावरण संरक्षण और शहरी सौंदर्यीकरण पर भी जोर देते हुए निर्देश दिए कि कोसी नदी के फ्लाईओवर के नीचे एवं उसके आसपास की खाली पड़ी भूमि पर पार्क विकसित कर वृक्षारोपण (प्लांटेशन) कराया जाए, जिससे शहर में हरियाली बढ़े और प्रदूषण में कमी आए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग सुनिश्चित कराने के लिए जनपद में विशेष चेकिंग अभियान संचालित किया जाये। शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी तथा यातायात नियमों का उल्लंघन किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# जिला कृषि अधिकारी ने जनपद के सभी गन्ना उत्पादक किसानों को कीट/रोग समस्या की जानकारी दी

वेलकम इंडिया :नितिन शर्मा

**इस रोग से ग्रसित पौधों की पत्तियों पर लाल रंग के धब्बे पड़ने लगते हैं एवं पत्तियां पीली होकर सूख जाती हैं और गन्ने को बीच में से चीरने पर लाल रंग दिखाई देने लगता है। जिससे एल्कोहल जैसी गंध आती है।**

**बिजनौर :** जिला कृषि रक्षा अधिकारी जसवीर सिंह तेवतिया ने जनपद के सभी गन्ना उत्पादक किसान भाईयों को जानकारी देते हुए बताया कि इस समय जनपद में गन्ने की फसल में लाल सड़न रोग का प्रकोप देखा जा रहा है। इस रोग से ग्रसित पौधों की पत्तियों पर लाल रंग के धब्बे पड़ने लगते हैं एवं पत्तियां पीली होकर सूख जाती हैं और गन्ने को बीच में से चीरने पर लाल रंग दिखाई देने लगता है। जिससे एल्कोहल जैसी गंध आती है। इस रोग के नियंत्रण के लिए रोग ग्रसित पौधों को उखाड़कर गहरे गढ्ढे में दबा दें एवं उखाड़े गये पौधे के स्थान पर ब्लीचिंग पाउडर का बुरकाव करें एवं एजोक्सीस्ट्रोबिन 11 प्रतिशत + टेबुकोनाजोल 18.3 प्रतिशत एस०सी० का 1 मिली०/ली० पानी की दर के हिसाब से छिड़काव करें या थायोफिनेट मिथाइल 70 प्रतिशत की 500 ग्राम मात्रा प्रति एकड़ की दर से प्रयोग करें। उन्होंने यह भी बताया कि किसान भाई अपनी फसल में कीट/ रोग समस्या के निदान के लिए कृषि विभाग में अपना पंजीकरण नम्बर अथवा अपना नाम, ग्राम का नाम, विकास खण्ड, जनपद का नाम लिखते हुए मोबाईल नम्बर 9452247111 एवं 9452257111 पर एस०एम०एस०/व्हॉटसप के माध्यम से फोटो भेजते हुए अपनी समस्या का समाधान 48 घंटे के अन्दर पा सकते हैं।

# डीएम की अध्यक्षता में गणेश चतुर्थी व बारावफात त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक हुई आयोजित

मुहम्मद परवेज अख्तर/ वेलकम इंडिया




**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी/ जिला मजिस्ट्रेट आलोक कुमार की अध्यक्षता में गणेश चतुर्थी/गणेश उत्सव व बारावफात त्योहारों के दृष्टिगत सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने तथा शांतिपूर्ण एवं परम्परागत तरीके से आपसी भाई-चारे के साथ त्योहार को मनाने हेतु शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना व अपर जिला मजिस्ट्रेट (वित्त एवं राजस्व) जय प्रकाश उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि गणेश चतुर्थी/गणेश उत्सव का त्यौहार विगत दिनांक 27 अगस्त 2025 से प्रारंभ होकर दिनांक 06 सितंबर 2025 तक मनाया जाएगा। इसी प्रकार इस वर्ष ईद-मिलाद-उन-नबी (बाराफत) का त्यौहार चंद्र दर्शन के अनुसार दिनांक 05 सितंबर 2025 को मनाया जाएगा।

शांति समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित धार्मिक प्रबुद्धजनों एवं अलग-अलग क्षेत्रों से आये हुए संभ्रान्त नागरिकों एवं शांति समिति के सदस्यों से सीधा संवाद कर आगामी त्यौहारों गणेश चतुर्थी/गणेश उत्सव व बारावफात के अवसर पर आपसी सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने में शांति एवं सहयोग की अपील करते हुए कहा कि त्यौहार में किसी प्रकार की नई परंपरा की शुरूआत न की जाए। जिस प्रकार से जनपद में विगत वर्षों में उक्त त्योहारों को हिंदू एवं मुस्लिम समुदायों द्वारा मनाए जाने की परंपरा रही है उसी को कायम रखना है।

जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त क्षेत्रीय प्रबुद्धजनों से अपील करते हुए कहा कि लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करें जिससे त्यौहार शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हो। उन्होंने सभी संबंधित संभ्रान्त लोगों एवं संबंधित अधिकारियों का फीडबैक लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि बारावफात का जुलूस एक दूसरे की भावनाओं का आदर एवं सम्मान करते हुए शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में निकाला जाए। उन्होंने जुलूस के रास्तों का भी स्थलीय निरीक्षण कर ठीक करा लेने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपदवासी गणेश उत्सव त्यौहार को सौहार्दपूर्वक मनाए, भगवान गणेश की प्रतिमा का विधि विधान एवं शांतिपूर्ण ढंग से विसर्जित किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि त्योहारों के दौरान अपने अपने विभाग से संबंधित समस्त व्यवस्थाओं/सुविधाओं का स्थलीय निरीक्षण कर लें किसी भी समस्या अथवा कमी की दशा में तत्काल कार्यवाही कर उसे ठीक कर लिया जाए।

जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि विद्युत के ट्रांसफार्मर यदि असुरक्षित तरीके से रखे गए हों तो उन्हें सुरक्षित कर दिया जाए जिससे किसी दुर्घटना आदि की संभावना न हो। उन्होंने कहा कि जुलूस/मुख्य मार्गों का स्थलीय निरीक्षण कराकर जर्जर विद्युत तारों को समय रहते दुरुस्त करना सुनिश्चित करें तथा त्यौहार के समय विद्युत आपूर्ति निर्वाध संचालित रहे।

## सभी शिक्षक यूडायस व अन्य विभागीय कार्य प्राथमिकता से करें : खंड शिक्षा अधिकारी



**बुलंदशहर/पहासू।** शनिवार पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ब्लॉक पहासू में प्रभारी खंड शिक्षा अधिकारी अमन गुप्ता द्वारा सभी प्रधानाध्यापकों की मासिक गूगल मीटिंग दो पालियों में आयोजित की गई जिसमें ब्लॉक के सभी प्रभारी प्रधानाध्यापक जुड़े तथा सभी ने अपनी-अपनी समस्याओं का निस्तारण किया अपने वक्तव्य में खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि सभी शिक्षक विभागीय योजना पर प्राथमिकता से कार्य करें।

## करंट से जवान बेटे और मां की मौत से क्षेत्र मे मातमी सन्नाटा

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया

**प्रतापगढ़।** लीलापुर थानान्तर्गत तेजगढ मे करंट की चपेट में आकर दर्दनाक मौत से हडकम्प मच गया। इस दुखद घटना के बाद जब मां-बेटे का शव पोस्टमार्टम के बाद एक साथ अंतिम संस्कार के लिए ले जाने के समय हर आख मे आंसू थे।? हलचल वाले तेजगढ बाजार मे मातमी सन्नाटा पसर गया। तेजगढ़ निवासी लाल पीयूष प्रताप सिंह तेजगढ़ बाजार में मेडिकल स्टोर चलाते हैं। बताया जाता है कि शुक्रवार शाम करीब साढ़े सात बजे घर के अंदर लगी बिजली की एमसीवी के पास कपड़े हटाने के दौरान पीयूष प्रताप की 52 वर्षीय पत्नी विद्यावती सिंह अचानक करंट की चपेट में आ गईं। उन्हें बचाने के दौड़ा उनका 24 वर्षीय बेटा लाल सारांश सिंह भी करंट की चपेट आ गया। विद्यावती की मौत मौके पर ही हो गई थी जबकि लाल सारांश की मौत प्रयागराज जाते समय रास्ते में हो गई थी। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने लगी लेकिन परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। एसओ मनोज पांडेय के काफी समझाने पर परिजन शनिवार को पोस्टमार्टम कराने के लिए राजी हुए। दोपहर बाद करीब ढाई बजे पोस्टमार्टम के बाद मां-बेटे का शव गांव पहुंचा तो चीख-पुकार मच गई। मां-बेटे की अर्थी अंतिम संस्कार के लिए एक साथ उठी तो परिजनों के साथ ही ग्रामीणों की आंखें नम हो गईं।

## खीरी चौकी की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल, पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

**लखीमपुर खीरी।** कस्बा खीरी की चौकी व चौकी पर तैनात स्टाफ की कार्यशैली इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है। करीब एक साल से कम समय से चौकी प्रभारी तैनात है, लेकिन कस्बे में खुलेआम सट्टे, जुए और अवैध मीट कटिंग का कारोबार जोर-शोर से चलता रहा। चचाओं के मुताबिक खीरी पुलिस चौकी की मिलीभगत के बिना इतने बड़े पैमाने पर अवैध कारोबार संभव ही नहीं है। हाल ही में थाना अध्यक्ष निराला तिवारी ने थाने का चार्ज संभालते ही ताबड़तोड़ कार्रवाई शुरू की। इसी दौरान चौकी पर तैनात हेड कांस्टेबल यशपाल सिंह ने सट्टे का बड़ा भंडाफोड़ किया। मगर आश्चर्यजनक रूप से इस कार्रवाई के तीसरे ही दिन हेड कांस्टेबल यशपाल सिंह को लाइन हाजिर कर दिया गया। इस फैसले ने कस्बे में तरह-तरह की चचाओं को जन्म दे दिया है। लोगों का कहना है कि लंबे समय से कस्बे में जड़ें जमा चुके सट्टे के कारोबार को उजागर करने वाले पुलिसकर्मी को ही सजा क्यों दी गई, कहीं यह कार्रवाई अवैध कारोबार करने वालों को बचाने की कवायद तो नहीं, स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि ईमानदार पुलिसकर्मी को कार्रवाई के बाद ही लाइन हाजिर कर दिया जाएगा, तो भविष्य में कोई भी अवैध कारोबार पर हाथ डालने की हिम्मत नहीं करेगा। चचाएं यह भी हैं कि सट्टे और जुए के धंधे से जुड़े प्रभावशाली लोगों के दबाव में यह तबादला कराया गया है। अब देखने वाली बात यह है कि पुलिस विभाग इस मामले पर क्या रुख अपनाता है और क्या कस्बे को वास्तव में अवैध कारोबार से निजात मिल पाएगी या यह मामला भी केवल चचाओं तक ही सीमित रह जाएगा।

# मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में राष्ट्रीय खेल दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया

वेलकम इंडिया/ उज्जवल रस्तौगी



**मेरठ।** मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी), मेरठ में राष्ट्रीय खेल दिवस हर्षोल्लास और जोश के साथ मनाया गया। यह दिन हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है।

कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों के जीवन में खेल और शारीरिक गतिविधियों के महत्व को रेखांकित करना तथा भारत की खेल धरोहर को सम्मान देना रहा। इस अवसर पर लगभग 500 छात्रों ने संकाय सदस्यों और स्टाफ के साथ विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि अर्पित कर हुई। इसके बाद प्रेरणादायी संबोधन में खेलों की भूमिका को चरित्र निर्माण, टीम भावना और अनुशासन से जोड़ा गया। वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, योग, शतरंज और कैरम जैसे खेलों का आयोजन किया गया।

एमआईटी के निदेशक डॉ. के.एल.ए. खान ने कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया और छात्रों को खेलों के माध्यम से अनुशासन, टीमवर्क और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का संदेश दिया।

वॉलीबॉल प्रतियोगिता में छह टीमों ने भाग लिया, जिसमें बी.टेक टीम विजेता रही, जबकि एमआईटी (पीसी) टीम उपविजेता बनी। बास्केटबॉल प्रतियोगिता में आठ टीमों ने भाग लिया, जिसमें एमआईटी (पीसी) की टीम प्रथम स्थान पर रही और बी.कॉम टीम उपविजेता बनी।

संस्थान के प्राचार्य डॉ. हिमांशु शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि खेल छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। इस अवसर पर डॉ. संजय माथुर (डीन-स्टूडेंट्स वेलफेयर), डॉ. अंकुर गोयल (डीन-मैनेजमेंट), सोनल अहलावत (एचआर), डॉ. रविन्द्र कुमार सिंह (एचओडी-एमबीए), हिमानी मिश्रा (एचओडी-बीबीए), पर्वेश चौधरी (स्पोर्ट्स ऑफिसर), नवीन तोमर (स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर), डॉ. अनीश कौशिक सहित सभी संकाय सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन समारोह में फामेर्सी प्राचार्य डॉ. नीरज कांत शर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों में सक्रिय भागीदारी से न केवल शारीरिक फिटनेस बनी रहती है, बल्कि यह व्यस्त जीवनशैली में संतुलन बनाए रखने में भी सहायक है।

# टीकाकरण अभियान चलाया गया



वेलकम इंडिया

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** स्थानीय तहसील क्षेत्र में टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। अगस्त माह के अंतिम शनिवार को विभिन्न केंद्रों पर टीकाकरण सत्र आयोजित किए गए। सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर संतोष सिंह और सीडीपीओ अर्चना वर्मा ने संयुक्त रूप से क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने सिरौलीगौसपुर टीकाकरण कैंप का निरीक्षण किया। कैंप में एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकत्री प्रीतिमा ज्यादव और आशा कार्यकर्ता उपस्थित थीं। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने गर्भवती महिलाओं और बच्चों का वजन करवाया। साथ ही उन्होंने पौधरोपण भी किया। डॉक्टर संतोष सिंह ने बताया कि प्रत्येक उपकेंद्र पर नियुक्त एएनएम द्वारा टीकाकरण सत्र चलाए जा रहे हैं।

टीकाकरण सत्र आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, प्राथमिक विद्यालय और स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित किए गए। इन सत्रों का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के सभी बच्चों और गर्भवती महिलाओं को टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध कराना है।

## डाइट में पहले फेरे का पांच दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**बाराबंकी।** जिला स्तरीय पांच दिवसीय प्रशिक्षण एकीकृत प्रशिक्षण मॉड्यूल संपूर्ण विषयो पर आधारित प्रशिक्षण शनिवार को संपन्न हो गया। डायट प्राचार्य डॉ राजेश कुमार आर्या की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पांच दिवसीय एकीकृत प्रशिक्षण मॉड्यूल संपूर्ण विषयों पर आधारित मंगलवार को ज़िला प्रशिक्षण संस्थान गनेशपुर बाराबंकी में किया गया। जिसमें ब्लॉक हैदरगढ़, , सिद्धौर, , निन्दुरा सूरतगंज, पूरेडलई के शिक्षक शिक्षकों प्रशिक्षण प्राप्त किया प्रशिक्षण डायट प्रवक्ता एवं राज्य स्तरीय संदर्भ दाता आनंद कुमार यादव, लालचंद, महेंद्र कुमार यादव, जहीर अहमद जितेंद्र कुमार सोनकर सुकेश रंजन श्रीवास्तव अमित कुमार राय श्रीमती शिखा साहू ने गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दिया। शनिवार को प्रशिक्षण के अंतिम दिवस समस्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देते हुए समस्त प्रवक्ताओं द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर प्रशासनिक अधिकारी के के अवस्थी प्रवक्ता महेन्द्र यादव, श्री सुकेश रंजन श्रीवास्तव, अमित कुमार राय जितेंद्र कुमार सोनकर लालचंद, आंनद कुमार यादव जहीर अहमद डाइट के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अवध प्रांत ने मनाया

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अवध प्रांत ने प्रकृति वंदन सप्ताह मनाया। पारिजात धाम बरौलिया में आयोजित कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण गतिविधियां की गईं। कार्यक्रम की शुरूआत घंटा घड़ियाल के साथ पूजा-अर्चना से हुई। स्वयंसेवकों ने कल्प वृक्ष पारिजात की परिक्रमा कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मुख्य वक्ता ललित, जो अखिल भारतीय केंद्रीय टोली सदस्य हैं, का स्वागत अंग वस्त्र और मनोकामिनी का पौधा भेंट कर किया गया। डॉ नीरजा मातृ शक्ति प्रमुख और डॉ राजेश पेड़ उपक्रम प्रमुख का भी सम्मान किया गया। विचार गोष्ठी में ललित ने संघ के शताब्दी वर्ष में पंच तीर्थ और प्रकृति वंदन की संकल्पना पर चर्चा की। डॉ नीरजा ने उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम के दौरान पारिजात धाम विश्राम स्थल परिसर में आध्यात्मिक और औषधीय पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर डॉ मंजरी सिंह, आशीष वर्मा, अनिल सिंह, डॉ हरिनाथ, दीपशिखा श्रीवास्तव और अंबिका शुक्ला सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संयोजन रचना श्रीवास्तव, अमित भैया, संतोष पांडे, रविंद्र अवस्थी, विनोद वर्मा, राकेश बाबा, राम शंकर तिवारी और बलवंत प्रजापति ने किया। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पर्यावरण प्रेमी कार्यक्रम में शामिल हुए।

## मध्यप्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ने 'ला शेफ' रेस्ट्रोरेंट का शुभारम्भ किया




वेलकम इंडिया

**झाँसी।** भारतीयम विद्या पीठ के पास, झाँसी दतिया रोड पर होटल ग्रांड इन में 'ला शेफ' रेस्ट्रोरेंट का शुभारम्भ हुआ. रेस्टोरेंट का सुभारम्भ मध्य प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने फीता काटकर किया.इस दौरान पूर्व गृह मंत्री ने संचालक को सुभकामनाये प्रेषित की. वही रेस्ट्रोरेंट संचालक संदीप यादव व सुदीप यादव ने बताया की ला' शेफ एक बहु-व्यंजन रेस्टोरेंट है जो उत्तर भारतीय व्यंजन, फास्ट फूड और विशेष रूप से नवीन चीनी व्यंजन और प्रामाणिक दक्षिण भारतीय व्यंजनों के लिए जाना जाता है।

ला शेफ किशोरों, कॉलेज जाने वालों, परिवारों और महिलाओं के सामाजिक समूहों के बीच लोकप्रिय है। स्थानीय आगंतुकों के बीच ला शेफ की सोशल मीडिया पर लोकप्रियता काफी ज्यादा है। उन्होंने बताया कि उनके रेस्टोरेंट की खासियत है कि उनकी हर डिश में उनका अपना एक खास स्वाद है, जो एक बार इस स्वाद को चख लेता है, वह कहीं और नहीं जाता।

इस अवसर पर रेस्टोरेंट के संचालक संदीप यादव व सुदीप यादव ने जनता से आव्हान किया चाइनीज और कोंटीनेटल का बेहतरीन और लाजवाब स्वाद लेना हो तो एक बार अवश्य पधारें. इस दौरान हर्ष यादव, जीतेन्द्र यादव, सोनू यादव आदि परिवारजन मौजूद रहे।

# खेलों से जुड़कर छात्र स्वस्थ भारत का निर्माण करेंगे -संजय द्विवेदी



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** विकास खंड सेमरियावा के ए.एच.एग्री. इंटर कालेज दुधारा में मेजर ध्यानचंद् जन्म शताब्दी समारोह के अवसर पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार की अध्यक्षता वरिष्ठ शिक्षक मोहम्मद इश्तियाक अंसारी वह संचालन जुबेर अहमद ने किया। प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी ने कहा कि खेलों से जुड़कर छात्र स्वस्थ भारत का निर्माण करेंगे। फिजिकल फिटनेस मेंटेन करने के लिए छात्र-छात्राएं खेलों को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। छात्र अपने अभिभावकों को भी योग, प्राणायाम सिखाएं, जिससे उनका जीवन निरोगी रहे। श्री द्विवेदी ने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध से पहले तक भारतीय हॉकी टीम का दुनियाभर में दबदबा हुआ करता था। इसमें ध्यानचंद का खास योगदान था। उन्होंने 1928, 1932 और 1936 के ओलंपिक में भारत को स्वर्ण पदक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और ओलंपिक स्वर्ण पदक की हैट्रिक पूरी की थी। इस अवसर पर विद्यार्थियों को संकल्प दिलाया गया। वरिष्ठ शिक्षक मोहम्मद इश्तियाक अंसारी ने कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस का दिन हमें याद दिलाता है कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं और इनसे हम शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से मजबूत बनते हैं। इस दिन का महत्व इसलिए भी है क्योंकि यह हमें प्रेरित करता है कि हम खेलों को सिर्फ मनोरंजन या प्रतियोगिता न मानें, बल्कि उन्हें स्वस्थ और संतुलित जीवन का जरिया बनाएं। इस अवसर पर विद्यालय में कब्बडी, खो खो व बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुहम्मद इश्तियाक अंसारी, फसीहुद्दीन, मुहम्मद शाहिद, जुबेर अहमद, अब्दुस्सलाम, मुहम्मद परवेज अख्तर, ओजैर अहमद, जुनेद अहमद, सबीह अहमद, असादुल्लाह, अखिलेश कुमारी, हकीमुल्लाह, मुहम्मद जाहिद, रफी अहमद अंसारी आदि मौजूद रहे।

# माता बहनों का अपमान नही सहेगी भाजपा : राजावत

वेलकम इंडिया



युवा मोर्चा ने किया कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन

**धौलपुर।** युवा मोर्चा द्वारा कांग्रेस पार्टी के खिलाफ आक्रामक प्रदर्शन किया गया, प्रदेश युवा मोर्चा के आह्वान पर धौलपुर युवा मोर्चा द्वारा कांग्रेस पार्टी के खिलाफ आक्रामक प्रदर्शन किया गया, जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत के नेतृत्व में पार्टी के पदाधिकारी एवं युवा मोर्चा के कार्यकर्ता गांधी पार्क में एकत्रित हुए वहां से जुलूस के रूप में हाथों में तख्तियां लेकर एवं कांग्रेस विरोधी नारे लगाते हुए सब्जी मंडी एवं लाल बाजार होते हुए डाकखाना चौराहे पर पहुंचे वहां पर राहुल गांधी का पुतला दहन किया, राजवीर सिंह राजावत ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहां कि कांग्रेस नेताओं द्वारा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उनकी माताजी पर अशोभनीय टिप्पणी की है यह कांग्रेस की ओछी मानसिकता को बताता है, राजावत ने कहा कि जिस पार्टी में माता बहनों का सम्मान नहीं है, उनके लिए खुले मंच पर अशोभनीय टिप्पणी की जाती है, वह पार्टी महिलाओं का सम्मान कैसे करेगी हमारे देश की आधी जनसंख्या महिला ही हैं जिस देश में महिलाओं एवं बच्चियों दुर्गा के रूप में पूजा जाता है उस देश के नागरिक ऐसी अशोभनीय टिप्पणियों को स्वीकार नहीं करेंगे ह्ल भाजपा ऐसी अशोभनीय टिप्पणी का पुरजोर विरोध करती है भाजपा मातृ शक्ति को प्रणाम करती है और उनके सम्मान में हमेशा खड़ी है।

विरोध स्वरूप युवा मोर्चा ने कांग्रेस कार्यालय धौलपुर का घेराव किया तथा राहुल गांधी का पुतला दहन किया। कार्यक्रम के संयोजक राहुल राणा एवं सहसंयोजक वेद प्रकाश शर्मा रहे, राहुल राणा ने कार्यक्रम में पधारे सभी कार्यकताओं का धन्यवाद दिया ह्ल इस अवसर पर जिला महामंत्री मदन कोली, जिला धीर सिंह जादौन, जिला मंत्री विजय त्यागी, भरतपुर संभाग सह मीडिया प्रभारी मुकेश सक्सेना, पूर्व जिला उपाध्यक्ष कमल पहाड़िया, वरिष्ठ भाजपा नेता बाचाराम बघेल, युवा नेता जयवीर पोसवाल, पूर्व कार्यालय मंत्री नंदकिशोर शुक्ला, मनोज शर्मा, पंकज शर्मा, मंडल अध्यक्ष रामलखन परमार, युवा मोर्चा संयोजक शिवम राजावत, पवन त्यागी, योगेश जादौन, रविंद्र हटवारी, लाला गलेथा, रविकांत चौधरी, आकाश सिंह, सचिन सिंह, गजेंद्र त्यागी, हरिओम त्यागी, पवन त्यागी, नितिन सोनी, सौरभ गुप्ता, जयराम, श्याम, रामकेश, गुलशन, भरत, सोनू, सौरभ, रवि, दीपू, कुलदीप, हंसराज, भूपेन्द्र, अबदेश, अजय आदि रहे।

# छल कपट से रहित होना ही उत्तम आर्जव धर्म: मुनिश्री अविचलसागर

वेलकम इंडिया




**झांसी।** नगर में जैन दर्शन के शाश्वत पर्वाधिराज पर्युषण दशलक्षण पर्व के अवसर पर समस्त जैन मंदिरों में भक्ति की धूम मची है, प्रातःकाल से सायंकाल तक जयकारे गूंज रहे हैं। धोती दुपट्टा पहने श्रावक भगवान का अभिषेक शांतिधारा करते नजर आ रहे हैं। पूजन पाठ के अर्घ्य सुनाई दे रहे हैं। भगवान की स्तुति, आरती करते हुए श्रद्धालु भाव विभोर हो रहे हैं। ऐसा लग रहा है जैसे भक्ति का सैलाब आया हो। मेडिकल कॉलेज गेट नं 3 के आगे निमार्णाधीन भगवान महावीर महातीर्थ में विराजमान मुनिश्री अविचलसागरजी महाराज के सान्निध्य में अमृत पावन वषायोग समिति के स्वागताध्यक्ष अंकित सर्राफ एवं अंशुल जैन बघेरा को श्रीजी के मस्तक पर शांतिधारा करने का सौभाग्य मिला। इसके पूर्व मुख्य सलाहकार डॉ राजीव जैन, वरिष्ठ महामंत्री दिनेश जैन डीके, महामंत्री सौरभ जैन सर्वज्ञ, संयोजक देवेश जैन केडी, निशांत जैन डेयरी, नितिन जैन सदर, अमित जैन पुजारी ने श्रीजी का अभिषेक, मंगल आरती एवं पूजन संपन्न की। श्रीमति रीता जैन आदित्य, प्रतिभा जैन, अंजलि सिंघई, सोनम जैन, पूजा जैन, रवि जैन, सपना जैन लोकपथ ने सिद्धचक्र महामण्डल विधान के महाअर्घ्य समर्पित किए। धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनिश्री अविचलसागरजी महाराज ने बताया कि उत्तम आर्जव धर्म कहता है कि अन्दर बाहर से एक हो जाओ, सरल सहज हो जाओ। ध्यान रखना टेढ़ी लकड़ी चूल्हे में जलाई जाती हैं और सीधे लकड़ी हो तो उसके ऊपर झंडा लगा दिया जाता है जो धर्म और देश के सम्मान का प्रतीक हैं।

इस अवसर पर चातुर्मास समिति के अध्यक्ष शैलेन्द्र जैन प्रेस, डॉ मुकेश नजा, डॉ पी.सी.जैन, करगुंवा मंत्री संजय सिंघई, संयोजक एंजि.अभिनव जैन, शुभम जैन जैरी, अंकुर जैन, आशीष जैन सोनू आदि उपस्थित रहें। संचालन चातुर्मास समिति के महामंत्री सौरभ जैन सर्वज्ञ एवं आभार वरिष्ठ महामंत्री दिनेश जैन डीके ने व्यक्त किया।

# हरियाणा की शराब पीने से बरेली के दो किसान की हुई मौत एक की हालत गंभीर

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**










**बरेली।** अलीगंज थाना क्षेत्र के गांव तिगाई दत्तनगर में शराब पीने से दो किसानों की मौत गई। जबकि तीसरे व्यक्ति का इलाज शहर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है, जिसकी हालत भी गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है वहीं, एक साथ दो किसानों की मौत होने से गांव में मातम पसरा हुआ है। मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलने पर आंवला एसडीएम विदुषी सिंह, जिला आबकारी अधिकारी हुकुम सिंह, सीओ आंवला नितिन कुमार व थानाध्यक्ष राजितराम मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने परिजनों व ग्रामीणों से पूछताछ की। घटना के संबंध में अधिकारियों का कहना है कि दोनों लोगों की मौत कैसे हुई, इसका सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा। इस घटना के बारे में तिगाई दत्तनगर निवासी गणेश ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे उनके भतीजे रामवीर पुत्र पर्वत (38 वर्ष) ने गांव के ही सूरजपाल पुत्र लालेराम (55 वर्ष) और भगवान दास पुत्र छोटे (39 वर्ष) ने विजयपाल के ट्यूबवेल पर शराब पी थी। शराब पीने के लगभग तीन घंटे बाद तीनों लोगों की हालत बिगड़ गई। तीनों को अलीगंज के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत ज्यादा बिगड़ने पर देर रात तीनों को बरेली रेफर किया गया। बरेली जाते समय रामवीर ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया, जबकि सूरजपाल की शनिवार तड़के करीब तीन बजे मौत हो गई। भगवानदास का बरेली के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है, जिसकी हालत गंभीर बताई गई है। रामवीर और सूरजपाल छोटे किसान थे। गांव में खेतीबाड़ी व मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करते थे। रामवीर के पास चार बीघा जमीन है। उसके चार बच्चे हैं, जिनमें दो लड़के और दो लड़कियां है। सूरजपाल के पास दो बीघा जमीन है, उसका एक बेटा और एक बेटी है। बताया गया कि भगवान दास वैसे तो गांव में रहकर खेतीबाड़ी करता है, लेकिन रुपयों के अभाव में कभी-कभी मजदूरी करने बाहर चला जाता है। वह कुछ महीनों से हरियाणा के फरीदाबाद में किसी फैक्टरी में काम करता था। गुरुवार को वह फरीदाबाद से घर आया था। वहां से शराब लाया था। मृतक रामवीर की पत्नी गुड्डो देवी ने बताया कि शुक्रवार सुबह भगवान दास ने पति को कॉल करके विजयपाल के ट्यूबवेल पर बुलाया, वहीं पर तीनों लोगों ने शराब पी। लगभग तीन घंटे बाद जब रामवीर शराब पीकर घर आया तब उसने खाना खाया। उसके बाद से उल्टियां करने लगा। हालत बिगड़ती देख उसे अलीगंज अस्पताल ले जाया गया। बरेली ले जाते समय उसकी मौत हो गई। एसडीएम विदुषी सिंह ने घटना को लेकर बताया है कि मौके से सैंपलिंग करा ली गई है और उसको जांच के लिए भेजा गया है। आसपास शराब की दुकानों की भी जांच कराई जा रही है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। जांच के बाद ही स्थिति साफ हो पाएगी।

# रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम द्वारा आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 300 मरीजों की हुई जांच

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**







**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** राम कृष्ण मिशन सेवाश्रम, विवेकानंद पॉलीक्लिनिक एवं आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ, द्वारा शनिवार को सुनीता जायसवाल मेमोरियल हॉस्पिटल शोहरतगढ़ में एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में हड्डी रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग और निःसंतानता (कश्ऋ) से संबंधित बीमारियों की जाँच की गई।

इस दौरान, विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने करीब 300 से अधिक मरीजों का निःशुल्क परीक्षण और उपचार किया। निःशुल्क परामर्श और दवाओं का वितरण शिविर में सुबह 11 बजे से ही मरीजों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। शिविर में आए मरीजों को डॉ. राहुल सिंह (अर्थो विशेषज्ञ) और डॉ. कनुप्रिया जिंदल (स्त्री एवं प्रसूति विशेषज्ञ) ने परामर्श दिया। मरीजों को न केवल बीमारियों के बारे में जानकारी दी गई, बल्कि उन्हें निःशुल्क दवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। कई मरीजों ने बताया कि इस तरह के शिविर से उन्हें बहुत फायदा होता है, क्योंकि वे महंगे इलाज का खर्च नहीं उठा पाते। इस शिविर का उद्देश्य दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों में रहने वाले उन लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुँचाना था, जो अक्सर चिकित्सा सेवाओं से वंचित रह जाते हैं। राम कृष्ण मिशन सेवाश्रम के प्रतिनिधियों ने बताया कि उनका लक्ष्य समाज के कमजोर वर्ग को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करना है। उन्होंने भविष्य में भी इस तरह के शिविर आयोजित करने का आश्वासन दिया। अस्पताल प्रबंधन ने भी इस नेक पहल के लिए राम कृष्ण मिशन का आभार व्यक्त किया।

### थाना देहात पुलिस टीम ने ब्लाइंड मर्डर का किया खुलासा

# बेटे ने 12 लाख की सुपारी देकर कराई थी पिता मनवीर की हत्या



**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

**हापुड़।** जनपद के थाना देहात थानाध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता की पुलिस टीम ने ब्लाइंड मर्डर का खुलासा कर कलयुगी बेटे व सुपारी किलर्स को गिरफ्तार किया है। तीन दिन पहले ततारपुर गांव के जंगल के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था हापुड़ पुलिस द्वारा 3 दिन में मृत व्यक्ति की पहचान करते हुए इस घटना का खुलासा किया गया है। पुलिस में इस मामले में मृतक के कलयुगी बेटे को गिरफ्तार किया है। जिसने जमीन तीन सुपारी किल्लरो को अपने पिता मनवीर की हत्या के लिए 12 लाख रुपए की सुपारी दी थी। जनपद हापुड़ के थाना देहात क्षेत्र के ततारपुर गांव के जंगल में 27 अगस्त को अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था ।शव की हालत इतनी खराब थी कि उसके चेहरे को पहचाना लगभग नामुमकिन लग रहा था। पहले यह आशंका जताई जा रही थी कि सुबह के समय किसी जंगली जानवर ने मृत व्यक्ति को अपना शिकार बना लिया है।

# ग्राम चौपाल लगाकर पुलिस ने ग्रामीणों को किया जागरूक

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**कठेला, समय माता/सिद्धार्थनगर।** गांवों को अपराध मुक्त बनाने, महिला उत्पीड़न को रोकने, साइबर अपराधों के प्रति सजग रहने व वर्तमान में हो रही चोरियों को लेकर शनिवार को थाना कठेला समय माता पुलिस ने ग्राम सभा नदवलिया में चौपाल लगाकर ग्रामीणों को जागरूक किया।

थानाध्यक्ष अभय सिंह के द्वारा वर्तमान में जनपद में हो रहे चोरियों के रोकथाम के लिए युवाओं का ग्रुप बनाकर पुलिस के सहयोग से गांव में घूमने व अवांछित तत्वों के रोकथाम के प्रयास के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके साथ वुमन पावर लाइन नंबर 1090, डायल-112 आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि इंटरनेट मीडिया के इस्तेमाल के साथ साइवर खतरों की जानकारी भी बहुत जरूरी है। अनजान नंबर या अनजान एप से वीडियो काल रिसीव न करें। किसी भी व्यक्ति के कहने पर मोबाइल में रिमोट एक्सेस ऐप या अन्य कोई एप डाउनलोड न करें। केबाईसी अपडेट के नाम पर किसी को भी लिक अथवा ओटीपी शेयर न करें। उन्होंने कहा कि जागरूकता ही साइबर ठगी से बचने का सबसे बड़ा उपाय है।

चौपाल के दौरान महिलाओं के अपराध, भूमि संबंधी विवाद को थाना व तहसील दिवस के माध्यम से सुलझाने के बारे में बताया गया। चौपाल के दौरान लोगों से आगामी त्यौहार को सकुशल मानने एवं गांव में होने वाले किसी भी ऐसी समस्या जिससे भविष्य में कोई बड़ी घटना होने की संभावना हो समय रहते स्थानीय प्रशासन के माध्यम से समाधान करने हेतु अवगत कराया गया, लोगों के द्वारा भविष्य में पुलिस प्रशासन तथा स्थानीय प्रशासन के सहयोग से गांव के सुख शांति सुरक्षा के संबंध में हर संभव एक दूसरे का सहयोग करने हेतु बताया गया।

इस मौके पर कांस्टेबल कमलेश यादव, सतीश चौहान, महिला कांस्टेबल ज्योति पांडेय के साथ गांव के फूलमती गुप्ता, अफसाना बेगम, हाफिजुरनिशा, प्रकाश कुमार, कमलेश कुमार, आशिक अली, श्यामलाल, गोमती पासवान, सतीश, अब्दुल वशीद आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# जिला जेल में छेड़खानी के आरोपी की मौत, बैरक में फंदे से लटका मिला शव

**वेलकम इंडिया/सूरज मौर्य**



**बरेली।** जिला जेल (सेंट्रल जेल-टू) में एक बंदी की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। शनिवार को उसका शव बैरक में फंदे से लटका हुआ मिला। बंदी की मौत होने से जेल में खलबली मच गई। सूचना पर बिथरी चैनपुर थाने से पुलिस और फॉरेंसिक टीम भी पहुंची। छानबीन के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया।

बताया जा रहा है कि बंदी ने फंदा लगाकर आत्महत्या की है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मेरठ के परतापुर थाने के गांव गंगोल निवासी अंकित (30 वर्ष) पुत्र अशोक बरेली की जिला जेल में बंद था। उसके खिलाफ छेड़खानी का मामला दर्ज है। शनिवार को उसका शव बैरक में फंदे से लटका हुआ मिला।

सूचना मिलने के बाद उसके परिजन यहां पहुंचे। परिजनों का कहना था कि अंकित पर छेड़खानी का झूठा आरोप लगाया था। इससे वह आहत था। आशंका है कि इसी वजह से उसने आत्महत्या की है।

# सड़क हादसों से निपटने की तैयारी, डीएम ने दिए ब्लैक स्पॉट दुरुस्त करने के निर्देश

**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**




**बरेली।** कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की एक अहम बैठक हुई। बैठक में लोक निर्माण विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। डीएम ने बैठक में कहा कि सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए सभी विभाग मिलकर ठोस कदम उठाएं।

उन्होंने निर्देश दिया कि जिन सड़कों पर बार-बार हादसे हो रहे हैं, वहां ब्लैक स्पॉट चिह्नित कर तुरंत सुधारात्मक कार्य किए जाएं। इस दौरान उन्होंने मुख्य मार्गों पर डिवाइडर, सिग्नलिंग सिस्टम और सड़क चिन्हों को दुरुस्त रखने पर भी जोर दिया। बैठक में खराब स्ट्रीट लाइट और प्रकाश व्यवस्था पर भी चर्चा हुई। डीएम ने कहा कि अंधेरे में हादसों की संभावना और भी बढ़ जाती है, इसलिए हर हालत में पर्याप्त रोशनी सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा उन्होंने तेज रफ्तार और ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश भी दिए।

डीएम ने शिक्षा विभाग, परिवहन विभाग और पुलिस को मिलकर सड़क सुरक्षा जन जागरूकता अभियान चलाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि स्कूल और कॉलेजों में छात्रों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई जाए और लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया जाए। डीएम ने कहा सड़क सुरक्षा केवल विभागीय जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है। इसलिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। बैठक में एडीएम सिटी सौरभ दुबे, सीओ ट्रैफिक अंजनी कुमार तिवारी, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता भगत सिंह सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# लव ट्राई एंगल में हुई थी सुशीला की हत्या



**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

**हापुड़।** जनपद के धौलाना थाना प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र बिष्ट की पुलिस टीम ने बंबे में मिले महिला के शव की शिनाख्त कर ब्लाइंड मर्डर का खुलासा कर दो महिलाओं सहित तीन आरोपियों व एक बाल अपचारी को गिरफ्तार कर लिया है।

आपको बता दे मृतक महिला की पहचान सुशीला निवासी गाजियाबाद के रूप में हुई थी। हापुड़ एसपी ज्ञानंजय सिंह ने खुलासा करते हुए बताया है कि महिला सुशीला की हत्या लव ट्राई एंगल में उसकी दोस्त बबली ने अपनी दोस्त सुमन व उसके भतीजे विपिन के साथ गला दबाकर की थी।

बबली ने बताया उसके गौरव से प्रेम संबंध थे और उसकी दोस्त सुशीला ने भी गौरव से अपनी अवैध संबंध बना लिए थे। जिसका पता बबली को चल गया था। इसी बात से नाराज होकर बबली ने अपने साथियों के साथ मिलकर गला दबाकर सुशीला की हत्या कर दी और शव को बंबे में फैंक कर फरार हो गए थे।

# आगामी त्योहारों को लेकर डीएम एसपी ने पीस कमेटी से की चर्चा

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**सिद्धार्थनगर।** आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं ।शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में वारावफात, नवरात्रि, दशहरा और अनन्त चतुर्दशी त्योहारों की तैयारियों पर विचार-विमर्श किया गया।

जिलाधिकारी डा. राजा गणपति आर. और पुलिस अधीक्षक डा. अभिषेक महाजन ने बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और धर्मगुरुओं से आपसी सौहार्द बनाए रखने का आग्रह किया। जिले की गंगा-जमुनी संस्कृति को बनाए रखने में सहयोग की अपील की। जिलाधिकारी ने सभी से धार्मिक भावनाओं का सम्मान करने का आह्वान किया। अफवाहों से सावधान रहने और सूचनाओं की पुष्टि अधिकारियों से करने को कहा। पुलिस अधीक्षक ने असामाजिक तत्वों की सूचना तत्काल पुलिस को देने का निर्देश दिया। सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी और क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष सहित पुलिस व प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे।

विभिन्न समुदायों के धर्मगुरुओं ने प्रशासन को सुझाव दिए। सभी ने त्योहारों को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने का संकल्प लिया।

# बरेली में भाजपा विधायक ने राहुल गांधी पर की आपत्तिजनक टिप्पणी

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** नवाबगंज से भाजपा विधायक डॉ. एमपी आर्य की फेसबुक पोस्ट ने सियासी भूचाल खड़ा कर दिया है। उन्होंने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की टोपी वाली तस्वीर सोशल मीडिया पर डाल दी और उस पर तीखी टिप्पणी भी लिखी। इसके बाद प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई जिसके बाद विधायक ने दूसरी पोस्ट करके राहुल गांधी को मंदबुद्धि बालक कह दिया। दरअसल डॉ. आर्य ने दो दिन पहले राहुल गांधी की फोटो फेसबुक वॉल पर डालकर लिखा था कि कैसे सौंप दें तेरे हाथों में वतन ये हिंदुस्तान काङ्ग हमने देखा है तेरी रैलियों में झंडा पाकिस्तान का। यह पोस्ट वायरल होते ही फेसबुक पर दर्जनों यूजर्स ने उन पर सवाल दागने शुरू कर दिए। कई ने इसे चुनावी चाल बताया तो कुछ ने आपत्ति जताई। दबाव बढ़ते ही विधायक ने एक और पोस्ट डालकर राहुल पर प्रधानमंत्री की डिग्री वाले बयान को लेकर तंज कसा और उन्हें मंदबुद्धि बालक कह दिया। आर्य ने कहा कि मैं अक्सर सोशल मीडिया पर पोस्ट डालता रहता हूं। जहां तक राहुल गांधी को मंदबुद्धि कहने की बात है तो उनकी हरकतें ही कुछ इस तरह की हैं। खुद प्रधानमंत्री भी राहुल गांधी के लिए यह बात कह चुके हैं। नवाबगंज विधायक डॉ. एमपी आर्य की पोस्ट पर प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई है। कुछ लोगों ने आपत्ति भी जताई। यूजर अनिल कुमार ने लिखा है कि आपको हिंदू-मुस्लिम ने मिलकर जिताया है, आप ऐसी पोस्ट न करें। विपिन ने लिखा है कि जो आप कह रहे हो वो सही है तो आपकी सरकार क्या कर रही है? तुरंत जेल भेजो। राहुल गांधी को मंदबुद्धि बालक बताने वाली पोस्ट पर भी लोगों ने कटाक्ष किए हैं। भगवन सरन नाम के युवक ने क्षेत्र के गन्ना किसानों का भुगतान दिलाने के लिए मेहनत करने की नसीहत दी है। देवेंद्र ने लिखा है कि पीएम की डिग्री सही है तो दिखाने में क्या दिक्कत है? कुछ लोगों ने विधायक का समर्थन किया, लेकिन अधिकतर लोगों ने उनकी पोस्ट पर कटाक्ष किए। दोनों पोस्ट के स्क्रीनशॉट अब तेजी से वायरल हो रहे हैं।

# सड़क दुर्घटना में ट्रक ड्राइवर की हुई मौत, कंपनी के बाहर परिजनों ने किया मुआवजे को लेकर हंगामा

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता





**बरेली।** सीबीगंज थाना क्षेत्र के परसा खेड़ा औद्योगिक क्षेत्र की कोका-कोला (वृंदावन बेवरेज) कंपनी के ट्रक चालक की सड़क हादसे में रामपुर बिलासपुर के थाना क्षेत्र भोट के अंतर्गत दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना की सूचना जैसे ही स्थानीय पुलिस को लगी वैसे ही स्थानीय पुलिस घटना पर पहुंचकर घटना से जुड़ी हुई जानकारी एकत्र करने लगी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

पुलिस द्वारा घटना की सूचना मृतक के परिवार को दे दी गई, जिसके बाद रामपुर पहुंचे परिजनों ने मृतक के शव को लेकर कोका-कोला (वृंदावन बेवरेज) कंपनी प्रबंधन से मुआवजे की मांग को लेकर कंपनी के गेट पर हंगामा काटना शुरू कर दिया। मौके पर पहुंची सीबीगंज थाना पुलिस ने कंपनी प्रबंधन और मृतक के परिवार के बीच पैदा गतिरोध को जैसे तैसे समाप्त कराया। जानकारी के अनुसार सीबीगंज थाना क्षेत्र के गांव नदोसी निवासी अमित शर्मा पुत्र श्रीकृष्ण शर्मा कोका-कोला (वृंदावन बेवरेज) कंपनी में नौकरी करते थे और वह ट्रक चालक थे। वह रोज की तरह शुक्रवार को भी ट्रक में कंपनी का माल भरकर मुरादाबाद जा रहे थे, इसी दौरान हाईवे पर आगे चल रहे ट्रक से उनके ट्रक की जोरदार भिड़न्त हो गई, जिससे उनकी मौके पर रही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची भोट थाना पुलिस ने मृतक के शव को ट्रक से बाहर निकाला और परिजनों को सूचना दी साथ ही मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सूचना पर पहुंचे परिजन मृतक के शव को एंबुलेंस द्वारा मुआवजे की मांग को लेकर कोका कोला (वृंदावन बेवरेज) कंपनी गेट पर पहुंच गए और हंगामा करने लगे। सूचना पर पहुंची थाना सीबीगंज पुलिस ने शव कब्जे में लेकर उन्हें शांत कराया इसी बीच कंपनी व मृतक के परिजनों के बीच मुआवजे की मांग की बात पर समझौता हो गया। मृतक अपने पीछे पत्नी पूजा व दो मासूम पुत्री गुनगुन, खुशी को रोता बिलखता छोड़ गया है। घटना के बाद से ही परिवार में कोहराम मचा हुआ है, पुलिस ने एंबुलेंस से शव नहीं उतरने दिया जब परिजन शव को लेकर पहुंचे और उन्होंने एंबुलेंस से शव को उतारने का प्रयास किया तो पुलिस ने उन्हें रोक दिया। जिस पर ग्रामीण व पुलिस के बीच जमकर नोक झोंक भी हुई, लेकिन उन्हें पुलिस ने समझा बुझाकर शांत कर दिया।

वही इस घटना को लेकर वृंदावन बेवरेज कंपनी के एचआर मैनेजर कपिल गुप्ता का कहना है कि मृतक के परिवार वालों से पुलिस की मौजूदगी में वार्ता हुई है, कंपनी प्रबंधन इस दुखद घटना में मृतक के परिवार के साथ है, और प्रबंधन द्वारा जो भी संभव मदद मृतक के परिवार को दी जा सकेगी, उसके लिए निश्चित ही प्रबंधन तैयार है।

# खंडहर में तब्दील हो चुका है काजी खलीलुर्रहमान का ऐतिहासिक किला

वेलकम इंडिया



**मेंहदावल/संत कबीर नगर।** भले ही दुनिया के सात अजूबों मे शामिल होकर ताजमहल ने भारत का नाम रौशन किया हो लेकिन आज भी देश के विभिन्न हिस्सों मे ताजमहल जैसी तमाम अनमोल धरोहर मौजूद हैं जो समुचित रख-रखाव के अभाव मे अंतिम सांस लेने को मजबूर हैं जिन्हें सजाना-संवारना तो दूर अवैध कब्जा कर उनके वजूद को ही मिटा देने का खेल खेला जा रहा है ।ऐसी ही एक अनमोल धरोहर है खलीलाबाद मे मौजूद काजी खलीलुर्रहमान का किला और खलीलाबाद से मगहर तक बनी सात किलामीटर लम्बी और बारह फिट चौडी सुरंग ।प्रशासनिक लापरवाही और रख रखाव के अभाव मे यह ऐतिहासिक धरोहर अब खण्डहर मे तब्दील हो चुकी है ।इसके आधे से अधिक हिस्से पर कोतवाली का निर्माण हो चुका है ।किले की शेष टूटी-फूटी इमारत और बदहाल सदर दरवाजा किले की बदहाली की मुँह बोलती दास्तान बयान कर रही है ।प्रशासनिक लापरवाही व उदासीनता का आलम तो यह है कि नगर पालिका खलीलाबाद के मौजूदा रिकार्ड में कोतवाली तो दर्ज है मगर किले का नाम ही गायब है। कहा जाता है कि कबीर की निर्वाण स्थली मगहर के मूल निवासी काजी खलीलुर्रहमान की मुलाकात कहीं मुगल बादशाह औंरगंरेब से हो गयी ।बात-चीत से प्रभावित होकर उन्होने काजी साहब को गोरखपुर इलाके का अपना चकलेदार बना दिया ।मगहर, बांसी व गोरखपुर के डोमकटर राजाओं द्वारा सरकारी लगान न दिये जाने के कारण केन्द्रीय स्थिति को ध्यान में रख कर काजी साहब ने खलीलाबाद मे इस किले का निर्माण करवाया था। इसके चारो तरफ बस्तियां बसायी गईं क्योंकि उस समय यह क्षेत्र घने जंगलो से आच्छादित था ।यहां रहने वाली डोमकटर, थारू एवं राजभर जनजातियां इस पूरे हिस्से पर काबिज थीं और केन्द्रीय सत्ता परिवर्तन के साथ अपने को स्वतंत्र घोषित कर रही थीं।

## पुलिस कर्मियों की फिटनेस और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए वार्षिक बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया



वेलकम इंडिया एहसान अंसारी

**नई दिल्ली।** 29 अगस्त को खेल दिवस पर उतर पश्चिम जिला पुलिस कर्मियों की फिटनेस और स्वस्थ को बढ़ावा देने के लिए वार्षिक टूनार्मेंट का आयोजन किया गया था ।टूनार्मेंट का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जिसमें प्रतिभागियों को फिट रहने और उत्कृष्टता के साथ अपना कर्तव्य निभाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। टूनार्मेंट में कई पुलिस थाने के एसएचओ ने भी भाग लिया। जहांगीरपुरी थाने के एसएचओ इंस्पेक्टर सतविंदर सिंह ने अपने खेल और फिटनेस से सभी प्रेरित किया, एडिशनल डीसीपी सिकंदर सिंह ने सभी को का उत्साह बढ़ाया और और बेस्ट परफॉर्मेंस के लिए सभी को मोमेंटो देकर सम्मान किया।

## बिहार राज्य किन्नर कल्याण बोर्ड सदस्य राजन सिंह अपने तीन दिवसीय दौरे पर दिल्ली पहुंचे हैं



**नई दिल्ली।** बिहार राज्य किन्नर कल्याण बोर्ड सदस्य बने डॉ राजन सिंह इन दिनों दिल्ली दौरे पर है। बिहार सदन में हर दिन यूथ आईकॉन हमेशा यूथ के आवाज उठाने वाले राजन सिंह से मिलने के बड़ी संख्या में हर दिन लोग पहुंचकर उन्हें बिहार सरकार के सदस्य और राज्य मंत्री का दर्जा मिलने पर बधाई का तादा लगा रहता है। राजन सिंह ने बताया हमारी लड़ाई सदैव यूथ युवाओं के लिए है जहां पर नाइंसाफी होगी वहां राजन सिंह इंसाफ की लड़ाई के लिए मौजूद रहेगा और आम लोगों को उनका हक इंसाफ मिलेगा। राजन सिंह ने कहा हम बिहार सरकार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का धन्यवाद देते है जो मुझे बिहार राज्य किन्नर कल्याण बोर्ड सदस्य बनाकर अच्छे कार्य के लिए जो मौका दिया है में सभी के उम्मीदों को पूरा करने का हर प्रयास में दिन रात लगा रहता हू, मीडिया से बातचीत में राजन सिंह ने कहा हमारा काम किन्नर समाज सरकार सभी को दिखेगा अभी बहुत कुछ करना है , पहले बिहार में किसी किन्नर पर अत्याचार होता था तो पुलिस थाने में उसका ऋकफ नहीं लिखा जाता था लेकिन अब बदलवा होने लगा है धीरे धीरे बहुत कुछ होना है ।

# वर्षों से बदहाल पड़ीं नवनीत नगर की 2 सड़कों के निर्माण का हुआ शिलान्यास

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** मथुरा-वृंदावन नगर निगम के वार्ड नंबर 31 में वर्षों से मुख्य संपर्क मार्ग बदहाल था। सड़क खराब होने के कारण क्षेत्र के लोग काफी दिनों से सड़क बनवाने की मांग कर रहे थे। इससे न केवल नवनीत नगर वासियों के लिए ही, बल्कि आस-पास के क्षेत्रों के लोगों और छात्र छात्राओं लिए भी लंबे समय से परेशानी हो रही थी।


सड़क का निर्माण मंजूर होने पर शनिवार को वार्ड नंबर 31 के पार्षद मुन्ना मलिक ने नारियल फोड़कर व मिष्ठान वितरण करवाकर सड़क निर्माण का शिलान्यास किया। इस संबंध में पार्षद मुन्ना मलिक ने बताया नवनीत नगर में चन्दा मंदिर वाली गली में राजपाल सिंह टेलर के मकान से दिनेश चंद्र टेलर के मकान तक और नरेश के मकान से जीतू के मकान तक नाली व इंटरलॉकिंग टाइल्स द्वारा सड़क निर्माण कार्य की लागत करीब 19 लाख 45520 रुपए आएगी। उन्होंने ने बताया कि यह दोनों सड़क लंबे समय से बदहाल थीं।

सपा पार्षद दल के नेता मुन्ना मलिक ने कहा कि जनता के आशीर्वाद से वह पार्षद बने हैं और वह इसका सदुपयोग करते हुए जिन क्षेत्रों में प्राथमिकता पर कार्यों की आवश्यकता है, उन क्षेत्रों में कार्य करा रहे हैं।

इस मौके पर मुख्यरूप से पवन चौधरी, हरवंश रावत,राजपाल फौजी,विनोद शर्मा, नेमचंद शर्मा, राजकुमार, मानू, केके चौधरी,बबलू राठौर, विजय राठौर,सोनू राठौर, शैलेन्द्र शर्मा,टेक चंद,सौदान राठौर, जाकिर,अशरफ, मम्मू खान आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन मंत्री व डीएम को सौंपा

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के नेताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित किसानों की समस्याओं के संबंध में दस सूत्रीय ज्ञापन कैबिनेट मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी व ड़ीएम सीपी सिंह को दिया है। भाकियू लोकशक्ति के जिलाध्यक्ष ठाकुर देवेंद्र सिंह ने मांग की है कि यमुना एक्सप्रेस वे पर सुरीर के आसपास उतार-चढाव के लिए कट दिया जाए।

जेबीएस यूनिवर्सिटी गौतमबुद्धनगर द्वारा अधिक मात्रा में बोरिंग करने से जल स्तर नीचे पहुंच गया है जिससे स्थानीय निवासियों के नलों में पानी की किल्लत आ रही है। यमुना एक्सप्रेस वे के प्रभावित किसानों को प्लाट व 65 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा आवंटित किया जाए। जनपद मथुरा में हाल ही में भारी बारिश व बाढ़पीड़ित किसानों का सर्वे कराकर मुआवजा दिलाने की मांग की गई है। भाकियू ने सहकारी समीतियों पर ड़ीएपी, यूरिया खाद की कमी को दूर करने व कालाबाजारी को रोकने की मांग की है। 60 वर्ष से अधिक उम्र के किसानों को पेंशन की व्यवस्था की जाए। यूनियन ने सिंचाई के लिए नलकूप विद्युत सप्लाई 10 घंटे व घरेलु विद्युत सप्लाई 20 घंटे करने की मांग की है। किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष ने बताया कि प्रदेश सरकार के गन्ना विकास मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी ने आश्वासन दिया है कि किसानों की समस्याओं को मुख्यमंत्री के सामने रखकर जल्द निस्तारण कराया जाएगा। इस अवसर पर युवा जिला अध्यक्ष मुकुल शर्मा, प्रदेश महामंत्री महावीर स्वामी, मंडल युवा अध्यक्ष मदन सिंह आदि थे।

# संदिग्ध परिस्थिति में गायब पत्नी को ढुढने के बहाने जाल साज पत्रकार ने पति-पत्नी का करा दिया तलाक

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गांव निवासी एक पीड़ित व्यक्ति ने थाने में तहरीर देकर पत्नी के संदिग्ध परिस्थिति में गायब होने पर तथाकथित पत्रकार की मदद लेना पीड़ित पति को पड़ा भारी ।जिसमें मदद करने के नाम पर पीड़ित से रू17000 की ठगी करने के साथ धोखाधड़ी से पत्नी से तलाक कराने का मामला सुर्खियों में आया है। जिसमें पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर तथाकथित पत्रकार के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की मांग की है।



पीड़ित के साथ धोखाधड़ी करने वाले तथा कथित पत्रकार की फाइल फोटो

गौरतलब रहे कि सिंभावली थाना क्षेत्र के गांव रजापुर निवासी मोहित पुत्र तेजपाल सिंह ने थाने में तहरीर देकर उल्लेख किया है कि उसकी पत्नी संजू 5 अगस्त 2025 को घर से गायब हो गई थी। इस संबंध में पीड़ित ने गुमशुदगी की तहरीर दी थी। इसी दौरान एक तथाकथित पत्रकार हितेश शर्मा की पीड़ित से बातचीत हुई ।और हितेश शर्मा ने अधिकारियों में अच्छी पकड़ होने का हवाला देकर उसकी पत्नी का मोबाइल नंबर ट्रेस कराने के नाम पर रू1500 ले लिए तथा दिनांक 28/8/2025 को हितेश शर्मा ने फोन से बताया कि संजू की लोकेशन राजस्थान की आ रही है। और हितेश शर्मा ने कहा कि गाजियाबाद पुलिस की गाड़ी राजस्थान जाएगी। और वह रू10000 में जाएगी। और तेरी पत्नी संजू को पकड़ के लेकर आएगी। पीड़ित ने हितेश शर्मा की बातों में आकर रू5000 उसके मोबाइल नंबर पर डाल दिए। पैसे डालने के उपरांत तथा उसने कहा कि संजू हाथ आ गई है ।जल्दी से रू5000 और डालकर गाजियाबाद आ जाओ। जिसको लेकर प्रार्थी ने रू5000 और उसके मोबाइल नंबर पर डाल दिए। दिनांक 29 8 को प्रारथै गाजियाबाद पहुंच तो हितेश शर्मा तथा तीन व्यक्ति अज्ञात तथा पत्नी संजू वहां पर मिले। हितेश शर्मा ने एक व्यक्ति को दरोगा बताया जिसने कोई वर्दी नहीं पहनी थी। उसने पीड़ित से रू5000 नगद ले लिए और प्रार्थी को डरा धमका कर जबरदस्ती तलाक करवा दिया। और कहने लगे कि यदि तूने हमारे खिलाफ कोई कार्यवाही की तो तुझे जान से मार देंगे। उक्त लोगों ने मिलकर प्रार्थी के साथ धोखाधड़ी करके प्रार्थी से करीब 17000 रुपए हड़प लिए हैं। जिसको लेकर प्रार्थी ने तथाकथित पत्रकार के विरुद्ध थाने में तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## कदली वृक्ष लेने पहुंची मां नंदा : कोट भ्रामरी मेला शुरू

**गरुड़।** दिनेश नेगी,कोट भ्रामरी मेले की अष्टमी में कदली वृक्ष पूजन और कदली के तने से नंदा की मूर्ति बनाने की सदियों पुरानी परंपरा का आज मवई ग्राम में निर्वहन किया गया। नंदा देवी के देव डांगर अपने सेवक छुरमुल देव के साथ गाजे बाजे, निशान और जागर गायकों तथा सैकड़ों भक्तों के साथ मवाई गांव पहुंची। प्राचीन मान्यता के अनुसार नंदा देवी असुर से सुरक्षा हेतु मवई गांव में कदली वृक्ष के पीछे छुप गई थी, पेड़ हिला तो असुर को पता चल गया। तब से मवई ग्राम के कदली वृक्ष को काटने की परम्परा है। मवई ग्राम के परिहार लोग देवी की अगुवाई स्वागत करते हैं। दजार्राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट, ब्लॉक प्रमुख किशन सिंह बोरा, ज्येष्ठ प्रमुख नंदन थापा, जिपं सदस्य जनार्दन लोहनी, भाजपा जिला महामंन्त्री घनश्याम जोशी, कमलेश परिहार, हरीश रावत,बलवंत भंडारी, दिवान सिंह भंडारी, ग्राम प्रधान राजेंद्र नेगी, सदस्य क्षेत्र पंचायत देवेन्द्र गोस्वामी, सदस्य क्षेत्र पंचायत दयाल काला, , पूरन रावत, आदि मौजूद रहे।

# जन्मदिन पर जरूरतमन्दों को खिलाया खाना



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** दिल्ली निवासी शिक्षिका कुसुम चौधरी ने मथुरा में अनूठे ढंग से अपना जन्मदिन मनाया। उन्होंने कहा कि केक और मोमबत्तियों से नहीं, बल्कि जरूरतमंदों की थाली में दया और करुणा परोसकर भी मनाया जा सकता है। इसी मिसाल को कुसुम चौधरी ने पेश किया जब उन्होंने अपने श्याम जी का जन्मदिन मथुरा में सेवा के रूप में मनाया।

श्री मुरलीवाला युवा सेवा समिति (रोटी बैंक) के तत्वावधान में आयोजित इस अवसर पर असहाय और जरूरतमंद लोगों को भोजन प्रसादी वितरित की गई। भोजन पाकर कई चेहरों पर राहत की मुस्कान और आँखों में कृतज्ञता के आँसू छलक उठे स्थानीय लोगों ने भावुक होकर कहा यह केवल भोजन नहीं बल्कि भूख से तड़पती आत्मा के लिए जीवन का सहारा है। समिति के पदाधिकारियों ने भी इस अवसर पर कहा कि ह्लकिसी की भूख मिटाना भगवान को भोग लगाने के समान है, और यही इंसानियत का सच्चा उत्सव है। सेवा में साथ रहे शिवकुमार सोनी, हेमलता सोनी, सतेन्द्र सिंह हिंडोल, अशोक पाठक, मुकुल पाठक, प्रमोद गौड़ इत्यादि।

# जिलाधिकारी ने राहत केंद्र में डेरा डालकर लगातार बचाव कार्यों पर बनाए रखी नजर

- रेस्क्यू सेंटर में जिलाधिकारी, विधायक, एसपी, और सीडीओ रातभर रहे मौजूद

वेलकम इंडिया







**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** गुरुवार रात पौसारी के खाईजर तोक में बादल फटने की घटना के बाद हुए भूस्खलन से वहाँ भारी तबाही हुई।, जिससे दो मकान मलबे में दब गए। इस भीषण आपदा में दो परिवारों के छह लोग प्रभावित हुए। एक बालक को सुरक्षित निकाल लिया गया है, जबकि तीन लोगों की मृत्यु हो चुकी है।

शुक्रवार को रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान बसंती देवी और बचुली देवी के शव बरामद किए गए। वहीं शनिवार को जिला प्रशासन, पुलिस एवं ग्रामीणों, आपदा राहत दल (एनडीआरएफ, एसडीआरएफ के संयुक्त अभियान में बड़ी मशक्कत से तीसरे व्यक्ति रमेश जोशी का शव भी मलबे से निकाला गया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अन्य दो लोगों की खोजबीन जारी है। खोजबीन अभियान में ग्रामीणों औ? रेस्क्यू ऑपरेशन की टीम द्वारा मलुवे में परत को हटाने हेतु पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण की नजर नाले में पड़े टिन के चादरों पर गई । उनके द्वारा अपने सहयोगियों को टिन के समीप एक टूटे पेड़ के पास मलवा दिखा, उन्होंने उस क्षेत्र में चादरों की मदद से पानी का वेग दूसरी ओर कर सर्च अभियान की सोची, तभी उन्हें टूटे पेड़ के नीचे कुछ दिखाई दिया ।जिसके बाद इसकी सूचना रेस्क्यू टीम को दी ।जिसके बाद लापतता हुए एक वृद्ध व्यक्ति के शव को खोजने में सफलता मिल पाई। जिससे रेस्क्यू ऑपरेशन टीम और जिला प्रशासन को एक लापता का शव मिलने और अन्य लापता की खोज हेतु दिन भर अभियान जारी रहा। मामले में घटना घटने के बाद से जिलाधिकारी आशीष भटगांई, पुलिस अधीक्षक चंद्र शेखर घोड़के तथा कपकोट विधायक सुरेश गड़िया, मुख्य विकास अधिकारी आर सी तिवारी, अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल, द्वारा लगातार रेस्क्यू अभियान पर नजर बनी हुई है। घटना में जान-माल, पशुधन और कृषि भूमि को भारी नुकसान हुआ है। जिला प्रशासन द्वारा आपदा से प्रभावित अन्य परिवारों को अहेतुक राशि और राशन किट वितरित किए जा रहे। वहीं जिन घरों में मलबा घुस गया था। पीडब्ल्यूडी द्वारा उसको हटाया जा रहा है। पैदल रास्तों को सुचारू किया जा रहा है। वहीं अन्य विभागों द्वारा क्षति का आंकलन किया जा रहा है। वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों का इलाज किया जा रहा है। बैसानी विद्यालय में बनाए गए आपदा राहत केंद्र से जिलाधिकारी आशीष भटगांई कपकोट विधायक लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन सहित राहत कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। आपदा राहत केंद्र में आपदा प्रभावितों को रहने और भोजन की व्यवस्था की गई है। जिलाधिकारी आपदा के दिन से लगातार पल पल रेस्क्यू ऑपरेशन की मॉन्ट्रिंग कर रहे हैं ।वही जिलाधिकारी द्वारा आपदा राहत हेतु सभी अधिकारियों को लगातार सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं ।वही डीएम भटगाई की इस कार्यशैली को आमजन द्वारा भी खूब सराहा जा रहा है ।शोशल मीडिया में जिले के मुखिया के रूप में आपदा की घड़ी में इस तरह लगातार युद्धस्तर पर तदर्थ रहने की कार्यशैली की प्रदेश भर में सराहना हो रही है ।जबकि जिला प्रशासन अभी और लापता हुए लोगों को खोजने में जुटा हुआ है।

# श्री राधाअष्टमी की पूर्व संध्या पर बरसाना मे उमड़ा लाखों भक्तों का जनसैलाब







वेलकम इंडिया

**मथुरा,( बरसाना )** शनिवार, रविवार की छुट्टी से उत्साहित लाखों भक्त राधाअष्टमी का पर्व मनाने दूर दराज से बरसाना धाम पहुँच रहे हैं. लेकिन धाम से तीन किलोमीटर पहले ही सारी गाड़ियों को रोक दिया जा रहा है, जिससे बच्चों को लेकर आने जाने वाली महिलाओ, बुजुर्गो, तथा समान के साथ आने वाले भक्तों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, पंजाब, से आये भक्तों ने बताया की तीन किलोमीटर चलकर अपने बुजुर्ग मा बाप को लेकर दर्शन कराने आया है, माता- पिता चलने मे असमर्थ हैं, इसलिए रोपवे का टिकट लेकर 2 घंटे से लाइन मे लगकर इंतजार कर रहे हैं श्कढ लोगो को पैसे लेकर या सोर्स लगा कर पहले भेजा जा रहा है . एक श्कढ के साथ 10-15 लोगों की टीम चल रही है, प्यास से हालत खराब है लेकिन सिर्फ पैसा या सोर्स लगा कर लोग जा रहे है.. फरीदाबाद से आई महिला ने बताया पुरुष पुलिस महिलाओ के साथ धक्का मुक्की कर रहे हैं, जिसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है, महिला ने अपने जख्म दिखाकर प्रशासन से व्यवस्था दुरुस्थ करने की तथा श्कढ कल्चर को खतम करने की या श्कढ लोगों के लिए अलग रास्ते की प्रार्थना की है,लोगों ने श्कढ व्यवस्था तथा माता के मन्दिर तक पहुँचने मे हो रही परेशानी पर आक्रोश जाहिर किया है।

## क्षेत्राधिकारी ने किए घायल सभासद के बयान दर्ज, पीड़ित ने की कार्रवाई की मांग



वेलकम इंडिया

**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** कस्बे के रेलवे मार्ग पर भाजपा सभासद के साथ हुई मारपीट के मामले में क्षेत्राधिकारी कैराना ने पहुंचकर बयान दर्ज किए सभासद ने आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है पुलिस तलाश में जुटी हुई है। नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 3 से भाजपा सभासद अनिल बोहरा ने विगत गुरुवार की शाम को बताया था कि उसने दोनों नहरों के बीच बोहरा शूज हाउस नाम से दुकान कर रखी है जिस पर वह बैठा हुआ था।

आरोप है कि तभी बाइक सवार एक युवक ने उसकी दुकान के सामने बाइक खड़ी कर दी पीड़ित ने मना किया तो आरोपी आग बबूला हो गया और अपने तीन अन्य साथियों के साथ है मिलकर पीड़ित की दुकान में घुस गया और उस पर लाठी डंडों से जानलेवा हमला कर दिया जी बीच बचाव करने के लिए आया उसका भतीजा नितिश तो उसके साथ भी मारपीट की। घटना पीड़ित की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। पीड़ित ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद आरोपियों पर जाति सूचक शब्द व जानलेवा हमला करने सहित आदि आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी।पुलिस ने पीड़ित सभासद की तहरीर पर एससी एसटी सहित अन्य गंभीर धाराओं में गांव भारसी निवासी गौतम व तीन अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया था। शनिवार को मामले में क्षेत्र अधिकारी कैराना श्याम सिंह ने पीड़ित सभासद की दुकान पर पहुंचे और पीड़ित सभासद के बयान दर्ज किए इस दौरान व्यापार मंडल के पदाधिकारिओ सहित पीड़ित सभासद ने क्षेत्र अधिकारी से आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

## मोबाइल चोरी का खुलासा, शातिर चोर गिरफ्तार

**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी।** पुलिस ने एक चोर को चोरी के मोबाइल सहित गिरफ्तार किया है।पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर पकड़े गए चोर को जेल भेज दिया है ।कस्बे के मोहल्ला नई बस्ती निवासी नईम ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उसके घर से उसका मोबाइल फोन चोरी कर लिया गया है।पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी चोर की तलाश शुरू कर दी थी।शनिवार को मुखबिर ने पुलिस को सूचना दी की एक व्यक्ति चोरी का मोबाइल बेचने की फिराक में कस्बे के गंगेरु मार्ग पर खड़ा है।पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मौके पर पहुंचकर आरोपी को दबोच लिया, और थाने ले आई। पुलिस ने पकड़े गए चोर के कब्जे से चोरी किया गया मोबाइल बरामद किया है।पुलिस पूछताछ में पकड़े गए चोर ने अपना नाम आसिम पुत्र सलीम निवासी मोहल्ला से शेखजादगान कस्बा कांधला बताया है।पुलिस ने पकड़े गए चोर के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पकड़े गए चोर के कब्जे से चोरी किया गया मोबाइल बरामद हुआ था।चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके भेज दिया गया।

## उधारी के रुपए मांगने पर मारपीट करने का आरोप

**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी।** थाना क्षेत्र के गांव भनेडा निवासी एक व्यक्ति ने गांव के दो लोगों पर उधार दिया रुपए मांगने पर गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने का आरोप लगाया पीड़ित ने थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है।शनिवार को थाना क्षेत्र के गांव भनेड़ा निवासी अजय पुत्र सुनील ने बताया कि उसने गांव के ही दो लोगों को ईंट भट्ठे पर जाने के लिए हजारों रुपए उधार दे रखे हैं।दोनों आरोपी उसके रुपया नहीं लौटा रहे हैं शुक्रवार की देर शाम पीड़ित ने जब अपने रुपए मांगे तो दोनों आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए पीड़ित के साथ मारपीट कर दी। शनिवार को पीड़ित व्यक्ति ने थाने पर पहुंचकर दोनों आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए तहरीर दी है पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## तिबड़ा रोड जाम की समस्या को लेकर कांग्रेस कार्यकताओं में तहसील पर दिया धरना

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** तिबड़ा रोड जाम की समस्या को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में सैकड़ो कांग्रेसी तहसील मुख्यालय पहुंचे और प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय का घेराव किया और धरना दिया। धरने को संबोधित करते हुए किसान कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव पीसीसी सदस्य सुनील शर्मा ने कहा कि तिबड़ा रोड जाम की समस्या एक बड़ी समस्या है वहां पर आए दिन तीन घंटे जाम लगा रहता है। पुलिस प्रशासन की कोई व्यवस्था वहां नहीं है। ट्रैफिक पुलिस व रेलवे पुलिस का भी कोई व्यक्ति वहां नहीं रहता। आसपास के दुकानदार ठेली खड़ी कर करके अतिक्रमण करते हैं।जिस कारण जाम लगा रहता हमारी प्रशासन से मांग है अभिलंब जाम से मोदीनगर शहर को मुक्ति दिलाई जाए।शहर अध्यक्ष बृजेश कुमार सेन ने रेल मंत्री के नाम मौके पर उपस्थित तहसीलदार को ज्ञापन देते हुए मांग की कि तिबड़ा रोड पर रेलवे ओवर ब्रिज बनाया जाए। इस फाटक से हजारों लोगों का आवागमन रहता है। लाइन पर क्षेत्र की आबादी जाम को लेकर परेशान है दर्जनों का भी यह मुख्य रास्ता है। हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है ।इस अवसर पर मुख्य लोगों में चांद वीर चौधरी अमित त्यागी अभिनव शर्मा महिला कांग्रेस की अध्यक्ष कल्पना सिंह जहूर अहमद सत्येंद्र गौतम विशाल कौशिक आरिफ रिजवी ममता शर्मा भिखारी लाल कश्यप जमीला सैफी पवन देव करी आशीष शर्मा सिकरी हरीश खुल्लर नसीम खान गौरव सेन शकील अहमद विजयनगर राजू विजयनगर अमर कुमार रियासत सैफी अमजद खान इदरीसी बॉबी सागर आसिफ उर्फ मोनू असलम बेगमाबाद इंदिरा शर्मा जी डॉक्टर आतिश खान मोहम्मद आदिल सैफी विश्वकर कालूराम सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पालिका के जलकर व लेखा अधिकारी हुए सेवानिवृत, दी भावभीनी विदाई



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** नगर पालिका परिषद मोदीनगर में कार्यरत जलकल अधिकारी कामेश चौहान और लेखा अधिकारी ललित त्यागी को सेवानिवृत्ति होने उन्हें भावभीनी विदाई देते हुए उन्हें शुभकामनाएं एवं उनकी दीघार्यु की कामना की गई।नगर पालिका परिषद कार्यालय में आयोजित विदाई समारोह मे जलकल अधिकारी कामेश चौहान और लेखा अधिकारी ललित त्यागी के सेवानिवृत होने पर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली एवं अधिकारियों, सभासदो तथा कर्मचारियों द्वारा उनका सम्मान करते हुए उन्हें उपहार देकर भावभीनी विदाई दी गई तथा उनके कार्यकाल की प्रशंसा की साथ ही सभी ने अपनी उन्हें शुभकामनाऐ देते हुए उनकी दीघार्यु की कामना की ।इस अवसर पर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मोदीनगर विनोद वैशाली व अधिशासी अधिकारी नरेंद्र कुमार मिश्र अंकित चौधरी अंकित गोयल संदीप शर्मा सहित तमाम अधिकारी कर्मचारी व सभासद गण उपस्थित रहे।

## श्री वैश्य कुटुम्ब सेवा समीति द्वारा आयोजित मोदक प्रतियोगिता का आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।**श्री वैश्य कुटुम्ब सेवा समीति द्वारा आयोजित मोदक प्रतियोगिता का आयोजन पी बी ए एस कन्या विद्यालय मे किया गया।जिसका शुभारम्भ प्रदेश चेयरमैन वर्षा गुप्ता,जिला महिला उपाध्यक्ष सीमा गुप्ता,जिला महिला महामंत्री शालिनी गोयल,नगर महामंत्री रजनी मित्तल, मेरठ मण्डल महामंत्री व कार्यक्रम मुख्य संयोजिका एकता अग्रवाल, नगर मंत्री व सहसंयोजिका कल्पना गुप्ता व नगर वरिष्ठ प्रचार मन्त्री व सहसंयोजिका राशि संघी, नगर संगठन मन्त्री कविता गोयल, नगर महिला मन्त्री रूबी गुप्ता, विद्यालय की प्रधानाचार्य डा. संगीता शर्मा, निर्णायक अतिथि गरिमा त्यागी, रचना सिंघल, अपराजिता शर्मा व अम्बुज माहेश्वरी द्वारा दीप प्रवज्जलित कर व गणेश जी व भारत माता पर माल्यार्पण करके किया गया। श्री वैश्य कुटुम्ब सेवा समीति की बोर्ड सदस्यो द्वारा अतिथियों का स्वागत पटका पहनाकर व एक सूक्ष्म उपहार देकर किया गया। विद्यालय की लगभग 22 छात्राओं ने इस प्रतियोगिता मे सहभागिता दिखायी। प्रदेश चेयरमैन वर्षा गुप्ता ने मुख्य संयोजिका एकता अग्रवाल के द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता की मुख कण्ठ से प्रंशसा करी उन्होने कहा भारतीय मिठाई व परम्परा को आगे बढाने के लिए संगठन द्वारा एक सराहनीय कदम लिया गया है ।विद्यालय की छात्राओं द्वारा अति सुन्दर मोदक बनाये गये जिन्हे निर्णायक महोदया ने अपने निर्णय को देते समय बताया।

निर्णायक महोदया गरिमा त्यागी,रचना सिंघल ने छात्राओं को महाराष्ट्र मे चलने वाले इस दस दिन के उत्सव की पुरातन कथा से बच्चो को अवगत कराया। वही अतिथि अपराजिता सिंह शर्मा ने कुटुम्ब के द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता के उद्देश्य की सराहना करी कि इस प्रकार की प्रतियोगिताये बच्चो को कुछ नया करने के लिए प्रेरित करती है। मोदक प्रतियोगिता मे आशा प्रथम,दिव्यांशी द्वितीय, वैष्णवी तृतीय, मनीषा व दिव्यांशी ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। श्री वैश्य कुटुम्ब सेवा समीति द्वारा सभी सहभागिता करने वाले बच्चो को प्रशस्ति पत्र व विजेता बच्चो को ट्राफी व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम के अन्त मे मुख्य संयोजिका एकता अग्रवाल ने विद्यालय की प्रधानाचार्य डा. संगीता शर्मा के अतुलनीय सहयोग व सभी अतिथियों के साथ साथ अपने कुटुम्ब की सखियों का भी आभार प्रकट किया।

## जनहित में हापुड़ रोड राजवाहे के पुल को शीघ्र बनवाए जाने की मांग

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** हापुड़ रोड राजवाहे पर काफी समय से टूटा हुआ पुल ठीक नहीं हुआ है। जिस कारण दुर्घटनाओं का अंदेशा हर समय बना रहता है। सिंचाई विभाग इस समस्या से अनजान बना हुआ है।इस मार्ग से आने जाने वाले लोगों ने राजवाहे के टूटे हुए पुल को शीघ्र बनवाए जाने की मांग की है। मोदीनगर हापुड़ मार्ग से काफी संख्या में रोजाना लोगों का तथा वाहनों का आना-जाना बना रहता है। इस मार्ग पर कादराबाद राजवाया पड़ता है। राजवाहे का पुल काफी समय से टूटा हुआ है। इस और कई बार लोगों ने सिंचाई विभाग सहित अन्य विभागों से टूटे हुए पुल को बनवाए जाने की मांग की है, लेकिन टूटा हुआ पुल काफी समय से नहीं बना है। जिस कारण दिन और रात में लोगों तथा वाहनों का दुर्घटना होने का अंदेशा बना रहता है।कई बार कई आने जाने वाले लोग तथा वाहन पुल टूटा होने के कारण दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं बताते चलें कि यहां पर हापुड़ रोड सबसे ज्यादा व्यस्ततम सड़क है ।इस पर दिन रात वाहनों की आवाजाही लगी रहती है, गन्ना उत्पादक व अन्य फसली उत्पादक किसानों के उत्पादन भी बाजार में इसी रास्ते से आते हैं ।यहां पर इस सड़क से दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड आदि के लिए माल वाहक वाहन भी आते जाते हैं। यहां पर गांव देहात के लोग भी आते जाते हैं।इसके बावजूद भी लापरवाही बरत रहे हैं। जनहित में इस राजवाहे के पुल को तत्काल बनाया जाना जरूरी है।

## बोर्ड से मिली नई दर की मंजूरी , ग्रेटर नोएडा में औद्योगिक विकास को मिलेगा बढ़ावा

वेलकम इंडिया




**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुधनगर।** दिल्ली मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर की परियोजना के तहत ग्रेटर नोएडा में विकसित की जा रही स्मार्ट इंटीग्रेटेड टाउनशिप में उद्योग लगाना अब महंगा हो गया है। औद्योगिक भूखंडों की आवंटन दर में लगभग 13 फीसदी की बढ़ोतरी कर दी गई है। बीते जुलाई माह में हुई इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप ग्रेटर नोएडा लिमिटेड ( आईआईटीजीएनएल ) की बोर्ड बैठक में आवंटन दर में वृद्धि से संबंधित प्रस्ताव को बोर्ड की मंजूरी मिलने के बाद कार्यालय आदेश जारी कर दिया गया है। नई आवंटन दर चालू वित्तीय वर्ष से लागू मानी जाएगी। बता दें कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण औद्योगिक अपनी सभी तरह की संपत्तियों की आवंटन दरों में औसतन पांच फीसदी की बढ़ोतरी पहले ही कर चुका है।इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप में उद्योग के लिए बड़े आकार के 38 भूखंड हैं, जिनमें से 26 भूखंड आवंटित किए जा चुके हैं।बाकी बचे भूखंडों का आवंटन अब नई दर पर किया जाएगा। अधिकारी के मुताबिक आवंटन दर 23,900 रुपये प्रति वर्गमीटर से बढ़ाकर 27,000 रुपये कर दी गई है।हालांकि ग्रुप हाउसिंग और व्यावसायिक श्रेणी के भूखंडों की आवंटन दर में किसी तरह की बढ़ोतरी नहीं की गई है।इन दो श्रेणी में अब तक एक भी भूखंड आवंटित नहीं किया गया है। डीएमआईसी के तहत 750 एकड़ में विकसित की जा रही इस इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप में एक ही परिसर में सभी सुविधाएं मिलेंगी। इस टाउनशिप में उद्योगों के लिए 38, व्यावसायिक गतिविधियों के लिए 7 और ग्रुप हाउसिंग के लिए 4 भूखंड आरक्षित हैं।उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए अभी औद्योगिक श्रेणी के भूखंडों के आवंटन पर ही जोर है। आवंटन दर में की गई वृद्धि लगभग 13 फीसदी है।नई दर चालू वित्तीय वर्ष से प्रभावी मानी जाएगी। भूखंडों का आवंटन साक्षात्कार के माध्यम से किया जाता है। व्यवसायिक भूखंड की आवंटन दर 44,400 और ग्रुप हाउसिंग की आवंटन दर 75,400 रुपये प्रति वर्गमीटर है।

> प्रेरणा सिंह,( एसीईओ) ग्रेनो प्राधिकरण/ निदेशक आईआईटीजीएनएल, "इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप में औद्योगिक भूखंडों की आवंटन दर में बदलाव किया गया है। बोर्ड से मंजूरी मिलने के बाद नई दर लागू कर दी गई है। इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया गया है। टाउनशिप में बाकी बचे औद्योगिक भूखंडों के आवंटन के लिए योजना शुरू कर दी गई है। इसमें एक सितंबर से आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इससे औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।"

औद्योगिक भूखंडों की आवंटन दर में वृद्धि के प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद योजना भी शुरू कर दी गई है। डीएमआईसी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप ग्रेटर नोएडा लिमिटेड द्वारा जारी की गई सूचना के मुताबिक योजना में 1 सितंबर से आवेदन किया जा सकता है।इसमें आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 सितंबर है।

# महाराजा अग्रसेन जयंती पर इंदिरापुरम में निकलेगी वैश्य समाज की तीसरी भव्य शोभायात्रा

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम में 21 सितंबर का दिन इतिहास रचने वाला साबित होगा। इस दिन वैश्य अग्रवाल परिवार अपनी तीसरी भव्य महाराजा अग्रसेन शोभायात्रा का आयोजन करने जा रहा है। इंदिरापुरम का सबसे बड़ा और सक्रिय संगठन माने जाने वाले इस परिवार की शोभायात्रा इस बार विशेष आकर्षणों से परिपूर्ण होगी। समाज के लोग ही नहीं, बल्कि आसपास के क्षेत्रों से भी हजारों की संख्या में श्रद्धालु और दर्शक इस यात्रा को देखने के लिए जुटेंगे।

शोभायात्रा का सबसे बड़ा आकर्षण इस बार मा काली का अखाड़ा होगा, जो पहली बार इस आयोजन का हिस्सा बनेगा। अखाड़े के युवाओं का जोश, उनकी पारंपरिक कलाएं और व्यायाम कला समाज में नई ऊर्जा का संचार करेंगी। इसके साथ ही 101 महिलाओं की सजीव और भव्य कलश यात्रा आस्था और मातृशक्ति की अद्भुत झलक प्रस्तुत करेगी। महिलाएं पारंपरिक परिधानों में सुसज्जित होकर कलश धारण करेंगी और शोभायात्रा को दिव्यता और भक्ति से भर देंगी। महाराजा अग्रसेन के पराक्रम और शौर्य की याद दिलाने के लिए 18 राजकुमार घोड़ों पर सवार होकर शोभायात्रा का हिस्सा बनेंगे। तीन वीरांगनाओं की झांकी महिला शक्ति और साहस का सजीव प्रतीक बनेगी। इनके साथ अन्य धार्मिक झांकियां, भजन मंडलियां, ढोल-नगाड़ों की गूंज और पुष्प वर्षा से इंदिरापुरम की सड़कों पर एक अद्भुत वातावरण तैयार होगा। पूरा क्षेत्र भक्तिमय और उत्सवमय रंगों में रंगा नजर आएगा। इस भव्य आयोजन में समिति द्वारा शनिवार को सांसद अतुल गर्ग को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। उन्होंने समाज को जोडे वाले इस कार्यक्रम को बेहद सराहनीय बताया और अपनी उपस्थिति की सहमति भी दी। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि समाज को एक सूत्र में बांधने और आने वाली पीढियों को संस्कार देने से बड़ा कार्य कोई और नहीं हो सकता। इस अवसर पर वैश्य अग्रवाल परिवार के प्रधान मुकेश गुप्ता, पार्षद प्रीति जैन, सचिव हेमंत गुप्ता, यात्रा संयोजक प्रशांत अग्रवाल और प्रदीप गुप्ता (मामा जी) सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे और उन्होंने आयोजन की तैयारियों की जानकारी दी। केवल शोभायात्रा ही नहीं, वैश्य अग्रवाल परिवार ने समाज की मजबूती के लिए एक और बड़ा कदम उठाया है। परिवार ने इंदिरापुरम में अपने भवन के निर्माण कार्य की शुरूआत कर दी है। भवन निर्माण से पहले धार्मिक परंपरा के अनुसार पूरे समाज ने खाटू श्याम जी के दरबार में जाकर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर 121 लोग विशेष रूप से तीन बसों में सवार होकर खाटू श्याम जी धाम पहुंचे और वहां भव्य पूजा के बाद आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद ट्रस्ट के प्रधान सरवन गर्ग के नेतृत्व में इंदिरापुरम में भवन निर्माण का कार्य प्रारंभ किया गया। ट्रस्ट के प्रधान सरवन गर्ग ने भवन निर्माण को समाज की बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह भवन केवल एक ढांचा नहीं होगा, बल्कि समाज की भावनाओं, संस्कृति और एकता का प्रतीक बनेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में यहां धार्मिक अनुष्ठान, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सामाजिक कार्यों का संचालन होगा। यह भवन हमारी आने वाली पीढियों के लिए प्रेरणादायी धरोहर बनेगा। पूरी शोभायात्रा का माहौल समाज की एकजुटता और सांस्कृतिक गौरव को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। जगह-जगह पर शोभायात्रा का स्वागत पुष्पवृष्टि और जलपान से होगा। महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग और युवक सभी पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होकर समाज की एकता और श्रद्धा का प्रतीक बनेंगे। भजन-कीर्तन और जयघोषों से वातावरण गूंजेगा और इंदिरापुरम की सड़कों पर एक ऐतिहासिक नजारा देखने को मिलेगा। यह आयोजन केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि समाज को जोडे, संस्कारों को सहेजने और एकता के संदेश को फैलाने का अनुपम प्रयास है। वैश्य अग्रवाल परिवार का यह कदम गाजियाबाद के सामाजिक-सांस्कृतिक इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय लिखने वाला साबित होगा।

# भाजपा के वरिष्ठ नेता व अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य सरदार एस पी सिंह को जन्मदिन की बधाई व शुभकामनाएँ दी



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** भाजपा के वरिष्ठ नेता व अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य सरदार एस पी सिंह को जन्मदिन की बधाई व शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर गुरुद्वारा जी ब्लांक के अध्यक्ष रविन्दर सिंह जौली, ज्ञानी राजेन्द्र सिंह, रामगढिया सिक्ख समाज के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सोहल, गुरुद्वारा दशमेश दरबार, प्रताप विहार के संरक्षक हरप्रीत सिंह जग्गी एडवोकेट व युवा समाजसेवी गगन सिंह अरोड़ा ने श्री सिंह व उनकी धर्मपत्नी सतनाम कौर को सरोपा व पुष्प गुच्छ देकर शुभकामनाएँ भी दी। सरदार एस पी सिंह ने सभी हितैषियों का आभार व्यक्त किया।

## पुलिस की त्वरित कार्रवाई, चार नाबालिग बच्चियां सुरक्षित बरामद

**गाजियाबाद।** निवाड़ी थाना पुलिस ने तेजी और सतर्कता दिखाते हुए महज सवा घंटे के भीतर चार लापता नाबालिग बच्चियों को सुरक्षित बरामद कर लिया। इस बड़ी सफलता का श्रेय थाना निवाड़ी के एसएचओ जयपाल सिंह रावत और उनकी टीम को जाता है, जिनकी त्वरित कार्रवाई से एक संगीन वारदात घटित होने से टल गई और गांव में राहत का माहौल बन गया। शाम अचानक सूचना मिली कि $गाजियाबाद के पतला गांव की चार नाबालिग बच्चियां रहस्यमय हालात में लापता हो गई हैं। यह सुनते ही पुलिस अधिकारियों के होश उड़ गए और तुरंत अलर्ट जारी कर दिया गया। लापता बच्चियों की पहचान 14 वर्षीय सुमन पुत्री मुकेश, 12 वर्षीय अंशिका, 9 वर्षीय काव्या और 5 वर्षीय गोरिका पुत्री पवन शर्मा के रूप में हुई। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी जयपाल सिंह रावत ने कई पुलिस टीमों को खोजबीन के लिए लगाया। चारों ओर दबिशें दी गईं और पुलिस ने इलाके में व्यापक तलाश अभियान चलाया। पुलिस की मुस्तैदी रंग लाई और मात्र सवा घंटे के भीतर ही चारों बच्चियां पतला गांव से बाहर गणेश चौक के पास स्थित राजकुमार के घेर में छिपी मिलीं। इस मामले में एसीपी मोदीनगर अति सक्सेना ने बताया कि प्राथमिक जांच से यह स्पष्ट हुआ है कि किसी निजी कारण से बच्चियां घबरा गईं और डर के कारण घर से दूर जाकर एक घेर में छिप गई थीं। सौभाग्य से समय रहते पुलिस ने उन्हें सकुशल बरामद कर लिया।

## हर शिकायतकर्ता से सीधा संवाद, अपराधियों पर लगातार कार्रवाई-गाजियाबाद में दिख रहा पुलिस का नया चेहरा

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट की कार्यशैली में इस समय सबसे बड़ा बदलाव दिखाई दे रहा है। नगर पुलिस उपायुक्त धवल जायसवाल रोजाना अपने कार्यालय में पहुंचकर सीधे जनता की शिकायतें सुन रहे हैं। शनिवार को भी वे कार्यालय में मौजूद रहे और दर्जनों नागरिकों से उनकी समस्याएं विस्तार से सुनीं। हर शिकायत पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। लोगों का कहना है कि इस तरह की सक्रियता और संवेदनशीलता पहले बहुत कम देखने को मिलती थी। डीसीपी धवल जायसवाल का नाम अपराधियों के लिए अब खौफ का पर्याय बन गया है। उनकी निगरानी में पुलिस लगातार अपराधियों के खिलाफ अभियान चला रही है। हाल के दिनों में लूट, चोरी और मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े कई अपराधियों को जेल भेजा गया है। पुलिस की कार्यवाही से अपराधियों में कानून का डर और आम लोगों में सुरक्षा की भावना दोनों बढ़ी हैं। उनकी कार्यशैली यही संदेश दे रही है कि अपराध किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जन सुनवाई के दौरान डीसीपी न सिर्फ शिकायत सुनते हैं बल्कि लोगों को भरोसा भी दिलाते हैं कि उनकी समस्या का समाधान जल्द और निष्पक्ष तरीके से किया जाएगा। उनका मानना है कि पुलिस और जनता के बीच भरोसा मजबूत होगा तो अपराधों की रोकथाम अपने आप आसान हो जाएगी। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि गाजियाबाद पुलिस की प्राथमिकता है कि हर पीड़ित की आवाज सुनी जाए और हर शिकायत का समय पर समाधान हो। अपराधियों के लिए कानून सख्त है, लेकिन आम जनता के लिए पुलिस हमेशा संवेदनशील और सहयोगी बनी रहेगी। धवल जायसवाल की कार्यशैली में सबसे अहम पहलू है पारदर्शिता और जवाबदेही। वे हर अधिकारी को यह संदेश दे चुके हैं कि किसी भी शिकायत में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उनका यह सख्त रवैया अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को भी अपने काम में अधिक गंभीर और जिम्मेदार बना रहा है।

## अंतर्राष्ट्रीय मंच पर छात्रों ने दिखाई रचनात्मकता, नेहरू वर्ल्ड स्कूल और डीएलएफ पब्लिक स्कूल बने संयुक्त विजेता

**गाजियाबाद।** शास्त्री नगर स्थित नेहरू वर्ल्ड स्कूल में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय अंतर्विद्यालय सांस्कृतिक उत्सव 'क्रियो–2025 का समापन शनिवार को अपार उत्साह और जोश के साथ हुआ। तीन दिनों तक चले इस सांस्कृतिक महाकुंभ में न केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतिभाओं का संगम देखने को मिला। लगभग 65 विद्यालयों के 600 से अधिक छात्र–छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी भागीदारी निभाई और अपनी कला, ज्ञान, रचनात्मकता तथा अभिव्यक्ति से सबका मन मोह लिया। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए भविष्य की राह को और उज्ज्वल बनाने वाला साबित होगा।

## रंगारंग कार्यक्रमों, फैशन शो और धड़कनों को तेज कर देने वाले पलों ने किया नवप्रवेशियों का स्वागत

**गाजियाबाद।** आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, मोहननगर में पीजीडीएम (2025–2027) सत्र के नवप्रवेशी प्रतिभागियों के लिए शनिवार को फ्रेशर्स पार्टी ₹आगाज–2025₹ का आयोजन शनिवार, 30 अगस्त को संस्थान के भव्य चाणक्य ऑडिटोरियम में हुआ। अपराह्न 3 :30 बजे से शुरू हुए इस कार्यक्रम ने छात्रों की ऊर्जा, उत्साह और उमंग को नई ऊँचाइयों तक पहुंचा दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर आईटीएस–दि एजुकेशन ग्रुप के निदेशक (पीआर) सुरेंद्र सूद, संस्थान के निदेशक डॉ. अजय कुमार तथा पीजीडीएम चेयरपर्सन डॉ. अनुषा अग्रवाल उपस्थित रहे। सुरेंद्र सूद ने सभी नवप्रवेशी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि आईटीएस हमेशा से ही छात्रों को श्रेष्ठ शिक्षा, अनुशासन और अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। उन्होंने नए विद्यार्थियों को अल्प समय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु प्रेरित किया। निदेशक डॉ. अजय कुमार ने अपने संबोधन में नवप्रवेशी छात्रों को आश्वस्त किया कि संस्थान उन्हें हर संभव सुविधा और संसाधन उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा कि टीमवर्क और सामूहिक प्रयास से ही सफलता का मार्ग प्रशस्त होता है।

## 'सीएक्यूएम और राहगीरी फाउंडेशन का अनोखा प्रयास



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** वायु प्रदूषण से लड़ाई में एक ऐतिहासिक कदम उठाया। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने शनिवार को उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) और राहगीरी फाउंडेशन के साथ मिलकर 'ब्रीथ ऑफ चेंजज अभियान का शुभारंभ किया। इस बहुआयामी पहल में जहां एक ओर अधिकारियों और इंजीनियरों को तकनीकी कार्यशाला के जरिए प्रदूषण नियंत्रण के आधुनिक उपाय सिखाए गए, वहीं दूसरी ओर आम नागरिकों के लिए एक जीवंत और रंगारंग खुले सड़क का आयोजन किया गया। इस पूरे कार्यक्रम का मकसद था - गाजियाबाद से लेकर पूरे एनसीआर तक स्वच्छ हवा के लिए एक जन-आंदोलन खड़ा करना। शहर के इंजीनियरों और अधिकारियों के लिए आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला ने प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में नई सोच दी। नव स्थापित सीएक्यूएम रिसोर्स लैब ने प्रशिक्षण केंद्र के रूप में काम किया और अधिकारियों को यह सिखाया गया कि किस तरह सड़क की धूल, निर्माण स्थलों की गंदगी और कचरा जलाने जैसे प्रमुख प्रदूषण स्त्रोतों पर नियंत्रण पाया जा सकता है।

## प्राथमिक विद्यालय अमीरपुर गढ़ी में आदर्श पीटीएम का भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** प्राथमिक विद्यालय अमीरपुर गढ़ी में शनिवार को आदर्श अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) का आयोजन बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ. अनुज त्यागी ने बताया कि इस बैठक की तैयारियां लंबे समय से चल रही थीं। उद्देश्य था अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना और उन्हें विद्यालय की गतिविधियों से सीधा जोड़ा जाना। बैठक में अधिक से अधिक अभिभावक भाग ले सकें, इसके लिए बच्चों से ही रचनात्मक निमंत्रण पत्र तैयार कराकर अभिभावकों को भेजे गए। यह पहल अभिभावकों को जोडे और बच्चों में आत्मविश्वास जगाने का अनूठा प्रयास साबित हुई। बैठक के मुख्य एजेंडे पर हुई चर्चा पीटीएम के दौरान अभिभावकों के साथ कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। इनमें छात्रों के रिपोर्ट कार्ड व शैक्षणिक प्रगति की समीक्षा, शिक्षण-अधिगम संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु सुझाव, विद्यालय के विकास की रणनीतियों पर विमर्श, छात्रों के व्यवहार व पढ़ाई पर अभिभावकों की राय और फीडबैक शामिल रहे। डॉ. अनुज त्यागी ने यह भी बताया कि विद्यालय का एक सक्रिय व्हाट्सएप ग्रुप संचालित है, जिसमें अभिभावकों के साथ विद्यालय की सभी गतिविधियां, प्रदर्शनियां और योजनाएं नियमित रूप से साझा की जाती हैं। प्रधानाध्यापक ने बताया कि विद्यालय में समय-समय पर अभिभावक-शिक्षक बैठकें आयोजित की जाती हैं। इससे अभिभावक न केवल बच्चों की पढ़ाई व जरूरतों से अवगत रहते हैं बल्कि विद्यालय की योजनाओं और कार्यप्रणाली से भी सक्रिय रूप से जुड़े रहते हैं।

# डुंडाहेड़ा और शांतिनगर में करोड़ों की लागत से नालियों इंटरलॉकिंग टाइल्स व सड़कों का निर्माण शुरू

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** शहर के विकास कार्यों की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए विधायक संजीव शर्मा ने शनिवार को वार्ड 27 डुंडाहेड़ा शांतिनगर में एक साथ कई विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इन कार्यों में नालियों का निर्माण, इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाना और सीसी रोड का निर्माण शामिल है। अनुमानित रूप से इन परियोजनाओं पर लाखों रुपये की लागत आएगी, जिससे स्थानीय निवासियों को सीधा लाभ मिलेगा। वार्ड 27 डुंडाहेड़ा शांतिनगर में ऋषिपाल के मकान से लक्ष्मण, गंगाराम से कोमल, ईश्वर से देवदत्त, तिलक से अतर सिंह, अतर सिंह से धर्मी, लोकेश से वीरेंद्र, संजय से कुमार पाल, भूदेव से सोनू और गौरीशंकर से प्रियंका के मकान तक नाली व इंटरलॉकिंग टाइल्स का निर्माण कार्य शुरू किया गया। इन कार्यों पर कुल 23.58 लाख रुपये की लागत आएगी। इसी क्रम में विधायक निधि से प्रमोद त्यागी के मकान से अंकुर त्यागी के मकान तक सीसी रोड का निर्माण भी शुरू कराया गया। इस सड़क निर्माण पर लगभग 2.45 लाख रुपये की लागत आएगी। इससे स्थानीय लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी। शुभारंभ अवसर पर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि मेरे लिए जनता की सेवा सबसे बड़ा धर्म है। शहर के हर वार्ड और हर गली तक विकास की रोशनी पहुंचेगी। डुंडाहेड़ा और शांतिनगर में शुरू हुए इन कार्यों से लोगों को सीधे तौर पर राहत मिलेगी। आने वाले समय में और भी विकास कार्यों को गति दी जाएगी ताकि किसी भी नागरिक को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। विधायक संजीव शर्मा के मीडिया सलाहकार अजय चोपड़ा ने बताया कि इन कार्यों के अलावा भी वार्ड में कई और निर्माण परियोजनाओं की तैयारी पूरी कर ली गई है, जिनकी शुरूआत जल्द ही होगी। उनका कहना था कि विधायक संजीव शर्मा का लक्ष्य गाजियाबाद को एक आधुनिक और सुविधाजनक शहर बनाना है।

## नशा मुक्ति केंद्र से बेटे की रिहाई को मां की गुहार

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र के टीला गांव सेवाधाम के पास स्थित नशा मुक्ति केंद्र से एक मां अपने बेटे को छुड़ाने के लिए दर-दर की ठोकरें खा रही है।

दिल्ली खजूरी निवासी रेशमा पत्नी नासिर हुसैन का आरोप है कि उनके पति ने उनकी सहमति के बिना ही पुत्र साहिल को करीब नौ माह पहले नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती करा दिया और अब केंद्र संचालक पति की अनुमति के बिना बेटे को उन्हें सौंपने से साफ इंकार कर रहे हैं। रेशमा का कहना है कि उनका बेटा साहिल बीते दो वर्षों से नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती है। बेटे को जबरन वहां रखने की बात वह लंबे समय से पति से पूछती रहीं, लेकिन पति नासिर हर बार धमकी देकर उन्हें चुप करा देता था। आरोप है कि पति ने कई बार तलाक देने तक की धमकी दी, जिससे महिला भयभीत होकर चुप रह गईं। करीब छह दिन पहले रेशमा को पति के फोन से नशा मुक्ति केंद्र का नंबर मिला। उस पर बात करने के बाद उन्हें लोनी बॉर्डर क्षेत्र में स्थित केंद्र का पता चला।

## पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** शहर की शालीमार गार्डन थाना पुलिस ने शुक्रवार देर रात एक साहसिक कार्रवाई को अंजाम देते हुए दो शातिर लुटेरों को पकड़ लिया। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली से एक बदमाश घायल हो गया, जबकि उसका साथी भागने की कोशिश में पुलिस टीम के हत्थे चढ़ गया। इस घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और स्थानीय लोगों ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की। थाना शालीमार गार्डन के एसएचओ ब्रजेश कुमार सिंह अपनी टीम के साथ डीएवी स्कूल के पास संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। तभी बाइक पर सवार दो संदिग्ध युवक पुलिस को देखकर तेजी से बीएसएनएल वाली गली की ओर भाग निकले।

# ब्रीथ ऑफ चेंज अभियान: स्वच्छ हवा के लिए एक जन-आंदोलन

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) और राहगीरी फाउंडेशन के साथ मिलकर आज ब्रीथ ऑफ चेंज अभियान के सफल समापन का जश्न मनाया। इस बहु-आयामी पहल में शहर के अधिकारियों के लिए एक उच्च-स्तरीय कार्यशाला के साथ-साथ आम जनता के लिए एक जीवंत खुले सड़क का कार्यक्रम भी शामिल था, जिसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश के जिलों से शुरू होकर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में स्वच्छ हवा के लिए व्यवस्थित बदलाव लाना है। गाजियाबाद, नोएडा और ग्रेटर नोएडा के इंजीनियरों और अधिकारियों के लिए एक दिवसीय इंटरैक्टिव प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। नव स्थापित सीएक्यूएम रिसोर्स लैब ने एक प्रशिक्षण और प्रदर्शन केंद्र के रूप में कार्य किया, जिसने सड़क की धूल प्रदूषण को प्रभावी ढंग से कम करने और समग्र वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए स्थायी सड़क डिजाइन सिद्धांतों को अपनाने हेतु शहर के अधिकारियों को सशक्त बनाया। कार्यशाला में निर्माण स्थलों की धूल और कचरा जलाने सहित अन्य प्रमुख प्रदूषण स्त्रोतों से निपटने के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं पर भी चर्चा की गई। इसका उद्देश्य कार-केंद्रित दृष्टिकोण से लोगों-केंद्रित दृष्टिकोण की ओर बदलाव लाना है, जो परिवर्तन के लिए एक शक्तिशाली साधन है। इस संदेश को सीधे समुदाय तक पहुंचाने के लिए, शनिवार, 30 अगस्त को कमला नेहरू नगर, गाजियाबाद के केंद्रीय विद्यालय




रोड पर एक सार्वजनिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 300 से अधिक बच्चों ने गाजियाबाद के अधिकारियों के साथ मिलकर अस्थायी रूप से सड़क को वाहनों से मुक्त कर दिया, और इसे मस्ती और सीखने की सुबह के लिए एक कार-मुक्त क्षेत्र में बदल दिया। प्रतिभागियों ने कला प्रदर्शन, साइकिल चलाना, स्केटिंग, पैदल चलना और खेल खेलने का आनंद लिया। वायु प्रदूषण पर एक सड़क नाटक ने भीड़ को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिससे स्वच्छ हवा के लाभों की एक यादगार और दिल को छू लेने वाली समझ पैदा हुई। लोगों-केंद्रित शहर कैसा महसूस होता है, इसका लाइव प्रदर्शन करते हुए, इस कार्यक्रम का उद्देश्य मानसिकता में स्थायी बदलाव लाना और सभी के लिए अधिक रहने योग्य और सांस लेने योग्य शहरों के लिए एक जमीनी स्तर का आंदोलन चलाना था। श्री अंकित सिंह, क्षेत्रीय अधिकारी, यूपीपीसीबी ने मुख्य अतिथि डॉ. एस.डी. अत्री, सदस्य (तकनीकी), सीएक्यूएम, राहगीरी फाउंडेशन, विभिन्न विभागों के प्रतिभागियों और विभिन्न स्कूलों के छात्रों और शिक्षकों सहित सभी उपस्थित लोगों का स्वागत किया। उन्होंने कहा, यह सभा एक साझा दृष्टिकोण के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रमाण है: राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए एक स्वच्छ, स्वस्थ और अधिक जीवंत भविष्य। हम यहां आने और इन महत्वपूर्ण आईईसी गतिविधियों का हिस्सा बनने के लिए आपका धन्यवाद करते हैं। सीएक्यूएम के सदस्य (तकनीकी) डॉ. एस.डी. अत्री ने इस सहयोग के महत्व पर जोर देते हुए कहा, 'ब्रीथ ऑफ चेंज' कार्यशाला कार्रवाई का आन है, जो हमारे इंजीनियरों और अधिकारियों को ठोस समाधान लागू करने के लिए उपकरणों के साथ सशक्त बनाती है। इन तकनीकी ढांचों की जमीनी सफलता अंततः स्वच्छ हवा के लिए एक सामूहिक प्रतिबद्धता पर निर्भर करती है। राहगीरी फाउंडेशन की सह-संस्थापक सारिका पांडा भट्ट ने कहा, खुले सड़क का कार्यक्रम एक लाइव प्रदर्शन है कि एक लोग-केंद्रित शहर कैसा महसूस करता है। एक दिन के लिए हमारी सड़कों को सुरक्षित और मजेदार बनाकर, हम मानसिकता में एक स्थायी बदलाव ला सकते हैं और सभी के लिए अधिक रहने योग्य और सांस लेने योग्य शहरों के लिए एक जमीनी स्तर का आंदोलन चला सकते हैं।